iii) ठेकेदार द्वारा कार्य स्थल पर लाई गई कार्य के लिए अपेक्षित संयंत्र और मशीनरी के लिए एक माह के भीतर लिखित अनुरोध करने पर उसे संयंत्र और मशीनरी के लिए अग्रिम दिया जा सकता है। ऐसा अग्रिम ऐसे संयंत्र और मशीनरी के लिए दिया जाएगा जो भारसाधक इंजीनियर की राय में कार्य में तेजी लाए और कार्य की गुणता में सुधार लाए। अग्रिम की राशि निविदा में दी गई अनुमानित लागत के 5 प्रतिशत या निविदा मूल्य का 5 प्रतिशत, जो भी कम हो, तक सीमित होगी। कार्य के लिए खरीदे गए नए संयंत्र और उपस्कर के मामले में ठेकेदार द्वारा भुगतान की गई ऐसे संयंत्र और उपस्कर की कीमत का 90 प्रतिशत तक अग्रिम दिया जाएगा और ठेकेदार इस संबंध में भारसाधक इंजीनियर को संजोषजनक प्रमाण देगा। पुराने और प्रयुक्त संयंत्र व उपस्कर के मामले में संयंत्र और उपस्कर के ह्रासित मूल्य के, जिसका विनिश्चय भारसाधक इंजीनियर करेगा, 50 प्रतिशत तक सीमित होगा। भारसाधक इंजीनियर चाहें तो ठेकेदार आयकर अधिनियम 1961 के तहत केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त पंजीकृत मूल्यांकक से ऐसे पुराने संयंत्र और उपस्कर के मूल्य का विवरण अनुमोदित कराकर प्रस्तुत करेगा। नश्वर प्रकृति के किसी भी संयंत्र और उपकरण और रु. 50,000/- मूल्य से कम के किसी भी संयंत्र व उपकरण के लिए कोई ऐसा अग्रिम नहीं दिया जाएगा। ऐसे अग्रिम का 75 प्रतिशत भुगतान

Valuer recognised by the Central Board of Direct Taxes under the Income-Tax Act, 1961. No such advance shall be paid on any plant and equipment of perishable nature and on any plant and equipment of a value less than Rs.50,000/- Seventy five per cent of such amount of advance shall be paid after the plant & equipment is brought to site and balance twenty five percent on successfully commissioning the same.

This advance shall further be subject to the condition that such plant and equipment (a) are considered by the Engineer-in-Charge to be necessary for the works; (b) and are in and are maintained in working order; (c) hypothecated to the Government as specified by the Engineer-in-Charge before the payment of advance is released. The contractor shall not be permitted to remove from the site such hypothecated plant and equipment without the prior written permission of the Engineer-in-Charge. The contractor shall be responsible for maintaining such plant and equipment in good working order during the entire period of hypothecation failing which such advance shall be entirely recovered in lump sum. For this purpose steel scaffolding and form work shall be treated as plant and equipment.

The contractor shall insure the Plant and Machinery for which mobilisation advance is sought and given, for a sum sufficient to provide for their replacement at site. Any amounts not recovered from the insures will be borne by the contractor.

**Interest & Recovery**

iv) The mobilization advance and plant and machinery advance in (ii)& (iii) above bear simple interest at the rate of 18 per cent per annum and shall be calculated from the date of payment to the date of recovery, both days inclusive, on the outstanding amount of advance. Recovery of such sums advanced shall be made by the deduction from the contractor's bills commencing after first ten per cent of the gross value of the work is executed and paid, on pro-rata percentage basis to the gross value of the work billed beyond 10% in such a way that the entire advance is recovered by the time eighty per cent of the gross value of the contract is executed and paid, together with interest due on the entire outstanding amount upto the date of recovery of the instalment.

v) If the circumstances are considered reasonable by the Engineer-in-Charge, the period mentioned in (ii) and (iii) for request by the contractor in writing for grant of mobilization advance and plant and equipment advance may be extended in the discretion of the Engineer-in-Charge.

vi) The said bank guarantee for advances shall initially be made for the full amount and valid for the contract period, and be kept renewed from time to time to cover the balance amount and likely period of complete recovery together with interest.

## CLAUSE 10 C

**Payment on Account of Increase in Prices/Wages due to Statutory Order(s)**

If after submission of the tender the price of any material incorporated in the works (not being a material supplied from the Engineer-in-Charge's stores in accordance with Clause 10 thereof) and/or wages of labour increases as a direct result of the coming into force of any fresh law, or statutory rule or order (but not due to any changes in sales tax) and such increase exceeds ten per cent of the price and/or wages prevailing at the time of the last stipulated date for receipt of the tenders including extensions if any for the work, and the contractor thereupon necessarily and properly pays in respect of that material (incorporated in the works) such increased price and/or in respect of labour engaged on the execution of the work such increased wages, then the amount of the contract shall accordingly be varied, provided always that any increase so payable is not, in the opinion of the

संयंत्र व उपस्कर को कार्यस्थल पर लाए जाने के बाद किया जाएगा और शेष 25 प्रतिशत का भुगतान उसके सफलतापूर्वक चालू होने के बाद किया जाएगा।

आगे, यह अग्रिम इन शर्तों के अधीन होगा कि ऐसे संयंत्र और उपस्कर (क) भारसाधक इंजीनियर द्वारा कार्यों के लिए आवश्यक समझे जाएं (ख) और चालू हालत में हों और उन्हें चालू हालत में रखा जाए; (ग) अग्रिम का भुगतान जारी करने से पहले भारसाधक इंजीनियर द्वारा निर्दिष्ट अनुसार सरकार के पास वे बंधक रखे जाएं। भारसाधक इंजीनियर की लिखित अनुमति के बिना ठेकेदार इस प्रकार बंधक रखे गए संयंत्र व उपस्कर को कार्यस्थल से नहीं हटाएगा। ठेकेदार का यह दायित्व होगा कि वह ऐसे संयंत्र व उपस्कर को पूरी बंधक अवधि के दौरान अच्छी व चालू हालत में रखेगा। ऐसा न करने पर अग्रिम की पूरी राशि एकमुश्त वसूल की जाएगी। इस्पात की पाड़बन्दी और साँचा कार्य को इस प्रयोजन के लिए संयंत्र और उपस्कर माना जाएगा।

ठेकेदार संयंत्र और मशीनरी का, जिनके लिए गतिशीलता अग्रिम मांगा जाता है और दिया जाता है, पर्याप्त राशि का बीमा कराएगा, जिससे कार्यस्थल पर उन्हें प्रतिस्थापित किया जा सके। कोई भी धनराशि जो बीमा के अन्तर्गत नहीं होगी, उसे ठेकेदार वहन करेगा।

**ब्याज और वसूली**

iv) उपर्युक्त ii) व iii) में गतिशीलता अग्रिम व संयंत्र और मशीनरी अग्रिम की बकाया राशि पर प्रतिवर्ष 18 प्रतिशत की दर से साधारण ब्याज लगेगा और इसकी गणना भुगतान की तारीख से लेकर वसूली की तारीख तक की जाएगी जिसमें दोनों दिन सम्मिलित होंगे। ऐसे अग्रिमों की राशि की वसूली, कार्य के कुल मूल्य के पहले 10 प्रतिशत के बराबर कार्य निष्पादन और भुगतान कर लिए जाने के बाद, ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत 10 प्रतिशत से अधिक के कार्य के कुल मूल्य के बिलों से आनुपातिक प्रतिशतता के आधार पर कटौती ऐसे की जाएगी कि ठेके के कुल मूल्य का 80 प्रतिशत निष्पादित होने और भुगताए जाने के समय तक अग्रिम की पूरी राशि, पूरी बकाया राशि पर किश्त की वसूली की तारीख तक के ब्याज सहित, वसूल हो जाए।

v) भारसाधक इंजीनियर परिस्थितियों का औचित्य देख कर गतिशीलता अग्रिम और संयंत्र व उपस्कर अग्रिम के लिखित अनुरोध के लिए ii) व iii) में उल्लिखित अवधि अपने विवेकानुसार बढ़ा सकता है।

vi) अग्रिमों के लिए उक्त बैंक गारंटी प्रारंभ में पूरी राशि के लिए और पूरे ठेका अवधि के लिए मान्य होगी और बकाया राशि के लिए और ब्याज सहित पूरी वसूली की संभावित अवधि के लिए इसका समय-समय पर नवीकरण किया जाता रहेगा।

## खण्ड-10 ग

**सांविधिक आदेशों के कारण मूल्य/मजदूरी में वृद्धि के कारण भुगतान**

यदि निविदा प्रस्तुत करने के बाद कार्यों में समाविष्ट किसी सामग्री के (जो उसके खण्ड 10 के अनुसार भारसाधक इंजीनियर के भण्डार में से प्रदाय की गई सामग्री नहीं है) मूल्य में और या श्रमिकों की मजदूरी में किसी नई विधि या कानूनी नियम या आदेश के प्रवृत्त हो जाने के प्रत्यक्ष परिणामस्वरूप (किन्तु विक्रय कर में किसी तबदीली के कारण नहीं) वृद्धि हो जाती है और ऐसी वृद्धि कार्य के लिए निविदा प्राप्त करने के लिए अंतिम निर्धारित तारीख के समय विद्यमान मूल्य और/या मजदूरी के दस प्रतिशत से अधिक है और तदुपरि, ठेकेदार (कार्य में समाविष्ट) उस सामग्री की बाबत आवश्यक एवं उचित रूप से ऐसी बढ़ी हुई कीमत और/ या कार्य के निष्पादन में नियोजित श्रमिकों की बाबत ऐसी बढ़ी हुई मजदूरी संदत्त करता है तो ठेके की रकम में तदनुसार परिवर्तन कर दिया जाएगा, परन्तु सदैव यह कि इस प्रकार संदेय कोई वृद्धि अधीक्षण इंजीनियर की राय में (जिनका विनिश्चय अन्तिम और बाध्यकारी होगा) ठेके के निष्पादन में हुए ऐसे विलम्ब के कारण जो ठेकेदार के नियन्त्रण के भीतर हो, हुई न मानी जाए।

Superintending Engineer (whose decision shall be final and binding on the contractor) attributable to any delay in the execution of the contract within the control of the contractor.

Provided, however, no reimbursement shall be made if the increase is not more than 10% of the said prices/wages, and if so, the reimbursement shall be made only on the excess over 10% and provided further that any such increase shall not be payable if such increase has become operative after the contract or extended date of completion of the work in question.

If after submission of the tender, the price of any material incorporated in the works (not being a material supplied from the Engineer-in-Charge's stores in accordance with Clause 10 thereof) and/or wages of labour is decreased as a direct result of the coming into force of any fresh law or statutory rules or order (but not due to any changes in sales tax) and such decrease exceeds ten per cent of the prices and/or wages prevailing at the time of receipt of the tender for the work. Government shall in respect of materials incorporated in the works (not being materials supplied from the Engineer-in-Charge's stores in accordance with Clause-10 hereof) and/or labour engaged on the execution of the work after the date of coming into force of such law statutory rule or order be entitled to deduct from the dues of the contractor such amount as shall be equivalent to the difference between the prices of the materials and/or wages as prevailed at the time of the last stipulated date for receipt of tenders including extensions if any for the work minus ten per cent thereof and the prices of materials and/or wages of labour on the coming into force of such law, statutory rule or order.

The contractor shall, for the purpose of this condition, keep such books of account and other documents as are necessary to show the amount of any increase claimed or reduction available and shall allow inspection of the same by a duly authorised representative of the Government, and further shall, at the request of the Engineer-in-Charge may require any documents so kept and such other information as the Engineer-in-Charge may require.

The contractor shall, within a reasonable time of his becoming aware of any alteration in the price of any such material and/or wages of labour, give notice thereof to the Engineer-in-Charge stating that the same is given pursuant to this condition together with all information relating thereto which he may be in position to supply.

## CLAUSE 10 CC

**Payment due to Increase/Decrease in Prices/Wages after Receipt of Tender for Works (Time Period more than 6 months)**

If the prices of materials (not being materials supplied or services rendered at fixed prices by the department in accordance with clause 10 & 34 thereof) and/or wages of labour required for execution of the work increase, the contractor shall be compensated for such increase as per provisions detailed below and the amount of the contract shall accordingly be varied, subject to the condition that such compensation for escalation in prices shall be available only for the work done during the stipulated period of the contract including such period for which the contract is validly extended under the provisions of Clause 5 of the contract without any action under the clause 2 and also subject to the condition that no such compensation shall be payable for a work for which the stipulated period of completion is 6 months or less. Such compensation for escalation in the prices of materials and labour, when due, shall be worked out based on the following provisions:-

i) The base date for working out such escalation shall be the last stipulated date of receipt of tender including extension, if any.

ii) The cost of work on which escalation will be payable shall be reckoned as 85% of the cost of work as per the bills, running or final, excluding any work for which payment is made at prevailing market rates. From this amount the

परन्तु यदि यह वृद्धि उक्त मूल्यों/मजदूरी के दस प्रतिशत से अधिक नहीं है तो कोई प्रतिपूर्ति नहीं की जाएगी और यदि वह वृद्धि उक्त मूल्यों/मजदूरी के दस प्रतिशत से अधिक है तो प्रतिपूर्ति 10 प्रतिशत से ऊपर की अतिरिक्त रकम पर ही की जाएगी। परन्तु यह और कि यदि ऐसी वृद्धि ठेके अथवा प्रश्नगत कार्य के पूरा होने की बढ़ी हुई तारीख के बाद प्रवृत्त हुई हो तो किसी ऐसी वृद्धि का भुगतान नहीं होगा।

यदि निविदा प्रस्तुत करने के बाद, कार्य में समाविष्ट किसी सामग्री के (जो उसके खण्ड 10 के अनुसार भारसाधक इंजीनियर के भण्डार से प्रदाय की गई सामग्री नहीं है) मूल्य और/या श्रमिकों की मजदूरी किसी नई विधि सांविधिक नियम या आदेश के प्रवृत्त हो जाने के प्रत्यक्ष परिणामस्वरूप (किन्तु विक्रय कर में तबदीलियों के कारण नहीं) कम हो गई है और ऐसी कमी कार्य के लिए निविदा प्राप्त करने के समय विद्यमान मूल्यों और/या मजदूरियों के दस प्रतिशत से अधिक है तो सरकार कार्य में समाविष्ट सामग्रियों (जो इसमें खण्ड 10 के अनुसार भारसाधक इंजीनियर के भण्डार से प्रदाय की गई सामग्री नहीं होगी) और/या कार्य के निष्पादन में ऐसी विधि, सांविधिक नियम या आदेश के प्रवृत्त होने की तारीख के पश्चात से, नियोजित श्रमिकों की बाबत ठेकेदार को देय रकमों में से ऐसी रकम काटने की हकदार होगी जो कार्य के लिए समय वृद्धि, यदि हो, सहित निविदा प्राप्त करने की अंतिम निर्धारित तारीख के समय विद्यमान सामग्री के मूल्य और/या मजदूरी में से उसके दस प्रतिशत के बराबर घटाकर आए उसके और ऐसी विधि, सांविधिक नियम या आदेश के प्रवृत्त हो जाने पर सामग्रियों के मूल्य और/या श्रमिकों की मजदूरी के बीच अन्तर के बराबर होगी।

ठेकेदार इस शर्त के प्रयोजन के लिए ऐसी लेखा बहियाँ और अन्य दस्तावेज रखेगा जो दावाकृत किसी वृद्धि या उपलब्ध कमी की रकम दिखाने के लिए आवश्यक हों और सरकार के सम्यक्तः प्राधिकृत अभिकर्त्ता को उसका निरीक्षण करने देगा और इसके अतिरिक्त भारसाधक इंजीनियर के निवेदन पर इस प्रकार रखे गए कोई दस्तावेज और ऐसी अन्य जानकारी देगा, जैसी भारसाधक इंजीनियर अपेक्षित करे।

ठेकेदार किसी ऐसी सामग्री के मूल्य और/या श्रमिक मजदूरी में किसी परिवर्तन के पता लगने के युक्तियुक्त समय के भीतर भारसाधक इंजीनियर को यह लिखते हुए नोटिस देगा कि वह उससे सम्बद्ध समस्त जानकारी, जो वह देने की स्थिति में है, इस शर्त के अनुसरण में दे रहा है।

## खण्ड 10 गग

**कार्यों (6 माह से अधिक समयावधि) के लिए निविदा प्राप्त होने के बाद मूल्यों/ मजदूरी में वृद्धि/कमी के कारण भुगतान**

यदि सामग्री के (जो उसके खण्ड 10 और 34 के अनुसार विभाग द्वारा नियत मूल्यों पर प्रदाय की गई सामग्री या की गई सेवाएं नहीं हैं) मूल्यों और या कार्य के निष्पादन के लिए अपेक्षित श्रमिकों की मजदूरी में वृद्धि हो जाती है तो नीचे बताए गए उपबन्धों के अनुसार ऐसी वृद्धि के लिए ठेकेदार को प्रतिकर दिया जाएगा और संविदा की राशि में तदनुसार परिवर्तन कर दिया जाएगा। यह इस शर्त के अधीन रहते हुए होगा कि मूल्यों में वृद्धि के लिए ऐसा प्रतिकर केवल उस कार्य के लिए दिया जाएगा जो संविदा की अनुबद्ध अवधि के, जिसके अन्तर्गत वह अवधि भी है जिसके लिए संविदा के खण्ड 2 के अधीन कोई कार्रवाई किए बिना खण्ड 5 के उपबन्धों के अधीन संविदा विधिमान्य रूप से बढ़ाई जाती है, दौरान किया गया है और यह इस शर्त के अधीन रहते हुए भी होगा, कि ऐसे किसी कार्य के लिए ऐसा कोई प्रतिकर संदेय नहीं होगा जिसके पूरा किए जाने की अनुबद्ध अवधि 6 मास या इससे कम है। सामग्री के मूल्यों और श्रमिकों की मजदूरी में वृद्धि के लिए ऐसे प्रतिकर की संगणना देय होने पर निम्नलिखित उपबधों के आधार पर की जाएगी।

i) ऐसी वृद्धि की संगणना करने के लिए जिस तारीख को आधार माना जाएगा वह निविदा प्राप्ति के लिए नियत अन्तिम तारीख, समय वृद्धि, यदि कोई हो, उसके सहित होगी।

ii) किसी भी कार्य जिसके लिए प्रचलित बाजार दर पर भुगतान किया गया हो, उसे छोड़कर कार्य की लागत, जिस पर वृद्धि संदेय होगी, चल या अन्तिम बिलों के अनुसार कार्य की लागत का 85 प्रतिशत मानी जाएगी। इस रकम में से इस संविदा के खण्ड 10 के अधीन दी गई सामग्री या इस संविदा के खण्ड34

value of materials supplied under Clause 10 of this contract or services rendered at fixed charges as per Clause 34 of this contract, and proposed to be recovered in the particular bill, shall be deducted before the amount of compensation for escalation is worked out. In the case of materials brought to site for which any secured advance is included in the bill the full value of such materials as assessed by the Engineer-in-Charge (and not the reduced amount for which secured advance has been paid) shall be added to the cost of work shown in the bill for operation of this clause. Similarly, when such materials are incorporated in the work and the secured advance is deducted from the bill, the full assessed value of the materials originally considered for operation of this clause should be deducted from the cost of the work shown in the bill, running or final.

iii) Components of materials, labour, P.O.L., etc. shall be pre-determined for every work and incorporated in the conditions of contract attached to the tender papers included in Schedule 'E'. The decision of the Engineer-in-Charge in working out such percentage shall be binding on the contractor.

iv) The compensation for escalation for materials and P.O.L. shall be worked out as per the formula given below:-

a) $$V_M = W \times \frac{X}{100} \times \frac{MI - MI_0}{MI_0}$$

$V_M$ : Variation in material cost i.e. increase or decrease in the amount in rupees to be paid or recovered.

W : Cost of work done worked out as indicated in sub-para 2 above.

X : Component of materials expressed as per cent of the total value of work.

MI & $MI_0$ : All India whole-sale-index for all commodities for the period under reckoning as published by the Economic Adviser to Government of India, Ministry of Industry and Commerce, for the period under consideration and that valid on the last stipulated date of receipt of tender including extension if any.

b) $$V_F = W \times \frac{Z}{100} \times \frac{(FI - FI_0)}{FI_0}$$

$V_F$ : Variation in cost of fuel, oil and lubricant, increase or decrease in rupees to be paid or recovered.

W : Value of work done, worked out as indicated in sub-para 2 above.

Z : Component of P.O.L. expressed as a per cent of total value of work as indicated under the special conditions of contract.

FI & $FI_0$ : Average index number of whole sale price for group (fuel, power, light and lubricants) - as published weekly by the Economic Adviser to Government of India, Ministry of Industry for the period under reckoning, and that valid on the last stipulated date of receipt of tender including extension if any.

के अनुसार नियत प्रभारों पर की गई सेवाओं के मूल्य की, जिसे किसी विशिष्ट बिल से वसूल किए जाने का प्रस्ताव है, वृद्धि के लिए प्रतिकर की रकम की संगणना करने से पूर्व कटौती कर ली जाएगी। कार्यस्थल पर लाई गई सामग्री के मामले में, जिसके लिए कोई प्रतिभूत अग्रिम बिल में सम्मिलित किया गया है, ऐसी सामग्री का पूरा मूल्य, (और न कि कम की गई रकम जो प्रतिभूत अग्रिम के रूप में दी जा चुकी है) भारसाधक इंजीनियर द्वारा निर्धारित किया जाए, इस खण्ड के प्रवर्तन के लिए बिल में दर्शाए गए कार्य की लागत में सम्मिलित किया जाएगा। इसी प्रकार जब ऐसी सामग्री कार्य में समाविष्ट की जाती है और प्रतिभूत अग्रिम की बिल से कटौती की जाती है तब सामग्री के पूर्ण निर्धारित मूल्य की, जिस पर इस खण्ड के प्रवर्तन के लिए मूलतः विचार किया गया था, चल या अंतिम बिल में दर्शित कार्य की लागत से कटौती की जानी चाहिए।

iii) सामग्री, श्रम, पी.ओ.एल. के घटक आदि प्रत्येक कार्य के लिए पूर्वनिश्चित किए जाएंगे और निविदा के अनुसूची 'ङ' में सम्मिलित कागज-पत्रों के साथ लगी संविदा की शर्तों में सम्मिलित किए जाएंगे तथा ऐसी प्रतिशत की संगणना करने में भारसाधक इंजीनियर का विनिश्चय ठेकेदार पर बाध्यकारी होगा।

iv) सामग्री, श्रम और पी.ओ.एल. की वृद्धि के लिए प्रतिकर की नीचे दिए गए फार्मूले के अनुसार संगणना की जाएगीः

क) $$\text{वी.एम} = \text{डब्ल्यू} \times \frac{\text{एक्स}}{100} \times \frac{\text{एम आई} - \text{एम आई}_0}{\text{एम आई}_0}$$

वी एम = सामग्री की लागत में घट-बढ़ अर्थात दी जाने वाली या वसूल की जाने वाली रकम में रुपयों में वृद्धि या कमी।

डब्ल्यू = किए गए कार्य की लागत जिसकी सगंणना उपर्युक्त उप-पैरा 2 में बताए अनुसार की गई हो।

एक्स = कार्य के कुल मूल्य के प्रतिशत के रूप में अभिव्यक्त सामग्री का घटक।

एम आई और एम आई$_0$ = गणनाधीन अवधि के लिए सभी वस्तुओं का अखिल भारतीय थोक सूचकांक जैसा कि भारत सरकार के उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार द्वारा विचाराधीन अवधि के लिए प्रकाशित किया गया हो और जैसा की निविदा ों को प्राप्त किए जाने की अन्तिम निधीरित तारीख पर समय वृद्धि सहित, यदि हो, विधिमान्य हो।

ख) $$\text{वी एफ} = \text{डब्ल्यू} \times \frac{\text{जेड}}{100} \times \frac{(\text{एफ आई} - \text{एफ आई}_0)}{\text{एफ आई}_0}$$

वी एफ = ईंधन, तेल और स्नेहक की लागत में घट-बढ़ अर्थात दी जाने वाली या वसूल की जाने वाली रकम की रुपयों में वृद्धि या कमी।

डब्ल्यू = किए गए कार्य का मूल्य जैसा कि उपर्युक्त उप पैरा 2 में संगणित किया गया है।

जेड = पी.ओ.एल. का घटक जो ऐसे कार्य के कुल मूल्य के प्रतिशत के रूप में अभिव्यक्त किया गया है जैसा कि संविदा की विशेष शर्तों के अधीन दिखाया गया है।

एफ आई और एफ आई$_0$ = समूह (ईंधन, शक्ति, बिजली और स्नेहक) के लिए थोक मूल्य का औसत सूचकांक जैसा कि भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार द्वारा साप्ताहिक रूप में प्रकाशित किया जाता है जो क्रमशः गणनाधीन अवधि और जो निविदाओं के प्राप्त किए जाने की निर्धारित अन्तिम तारीख पर समय वृद्धि सहित, यदि हो, विधिमान्य हो।

v). The following principles shall be followed while working out the indices mentioned in para (iv) above.

(a) The compensation for escalation shall be worked out at quarterly intervals and shall be with respect to the cost of work done as per bills paid during the three calendar months of the said quarter. The first such payment shall be made at the end of three months after the month (excluding) in which the tender was accepted and thereafter at three months' interval. At the time of completion of the work, the last period for payment might become less than 3 months, depending on the actual date of completion.

(b) The index (MI/FI etc.) relevant to any quarter/period for which such compensation is paid shall be the arithmetical average of the indices relevant to the three calendar months. If the period up to date of completion after the quarter covered by the last such instalment of payment, is less than three months, the index MI and FI shall be the average of the indices for the months falling within that period.

vi) The compensation for escalation for labour shall be worked out as per the formula given below:-

$$V_L = W \times \frac{Y}{100} \times \frac{LI - LI_0}{LI_0}$$

$V_L$ : Variation in labour cost i.e. amount of increase or decrease in rupees to be paid or recovered.

W : Value of work done, worked out as indicated in sub-para (ii) above.

Y : Component of labour expressed as a percentage of the total value of the work.

$LI_0$ : Minimum daily wage in rupees of an unskilled adult male mazdoor, fixed under any law, statutory rule or order as on the last stipulated date of receipt of tender including extension, if any.

LI : Minimum wage in rupees of an unskilled adult male mazdoor, fixed under any law, statutory rule or order as applicable on the last date of the quarter previous to the one under consideration.

vii). The following principles will be followed while working out the compensation as per sub-para (vi) above.

(a) The minimum wage of an unskilled male mazdoor mentioned in sub-para (vi) above shall be the higher of the wage notified by Government of India, Ministry of Labour and that notified by the local administration both relevant to the place of work and the period of reckoning.

(b) The escalation for labour also shall be paid at the same quarterly intervals when escalation due to increase in cost of materials and/or P.O.L. is paid under this clause. If such revision of minimum wages takes place during any such quarterly intervals, the escalation compensation shall be payable at revised rates only for work done in subsequent quarters.

v) उपर्युक्त पैरा (iv) में उल्लिखित सूचकांक, निकालते समय निम्नलिखित सिद्धांतों का अनुसरण किया जाएगा।

क) वृद्धि के लिए प्रतिकर की संगणना त्रैमासिक अंतरालों पर की जाएगी और वह पिछले तीन मास के दौरान भुगतान किए गए बिलों के अनुसार किए गए कार्य की लागत को ध्यान में रखकर की जाएगी। ऐसा पहला संदाय उस मास के (उसे छोड़कर) बाद, जिसमें निविदा स्वीकार की गई थी, जो तीन मास के अन्त में और तत्पश्चात तीन मास के अन्तराल पर किया जाएगा। कार्य समापन के समय भुगतान के लिए अन्तिम अवधि तीन मास से कम हो सकती है, जो कि कार्य समापन की वास्तविक तारीख पर निर्भर करेगी।

ख) सूचकांक (एम आई/एफ आई आदि) उस तिमाही/अवधि से संबंधित सूचकांक होगा। जिस तिमाही के लिए प्रतिकर दिया जाता है उससे संबंधित सूचकांक, संबंधित तीन माह के सूचकांक का गणितीय औसत होगा। अन्तिम ऐसी किस्त के भुगताने के बाद यदि कार्य समापन की तारीख तक अवधि तीन माह से कम है तो सूचकांक एम आई और एफ आई उस अवधि में पड़ने वाले माह के सूचकांकों का औसत होंगे।

vi) श्रम की वृद्धि के लिए प्रतिकर की नीचे दिए गए फार्मूलो के अनुसार संगणना की जाएगी:

$$\text{वी एल} = \text{डब्ल्यू} \times \frac{\text{वाई}}{100} \times \frac{\text{एल आई} - \text{एल आई}_0}{\text{एल आई}_0}$$

वी एल = श्रम लागत में घट-बढ़ अर्थात् दी जाने वाली या वसूल की जाने वाली रकम की रूपयों में वृद्धि या कमी।

डब्ल्यू = किए गए कार्य की लागत जिसकी संगणना उपर्युक्त उप-पैरा ii) में बताए अनुसार की गई हो।

वाई = 'श्रम घटक जो कार्य के कुल मूल्य के प्रतिशत के रूप में अभिव्यक्त किया गया हो।

एल आई$_0$ = निविदा स्वीकार करने की अन्तिम निर्धारित तारीख तक, समय वृद्धि सहित, यदि हो, किसी भी कानून सांविधिक नियम या आदेश के तहत निश्चित की गई अकुशल वयस्क पुरुष मजदूर की रुपयों में न्यूनतम दैनिक मजदूरी।

एल आई = विचाराधीन तिमाही के पहले की तिमाही में अन्तिम दिन लागू किसी भी कानून सांविधिक नियम या आदेश के तहत निश्चित की गई अकुशल वयस्क पुरुष मजदूर की रुपयों में न्यूनतम मजदूरी।

vii) उपर्युक्त उप पैरा-(vi) के अनुसार प्रतिकर की गणना के लिए निम्नलिखित सिद्धांतों को अपनाया जाएगा-

क) उपर्युक्त उप पैरा-(vi) में उल्लिखित, एक अकुशल पुरुष मजदूर की न्यूनतम मजदूरी, भारत सरकार, श्रम मंत्रालय द्वारा अधिसूचित और स्थानीय प्रशासन द्वारा अधिसूचित मजदूरी हो, जो दोनों कार्य के स्थान एवं गणना अवधि से संगत हों, इन दोनों मजदूरियों में से उच्चतर होगी।

ख) इस खण्ड के तहत् सामग्रियों की लागत और/या पी.ओ.एल. में वृद्धि के कारण किए गए भुगतान के अनुसार ही श्रमिकों को वृद्धि के लिए उन्हीं तिमाही अन्तरालों में भुगतान किया जाएगा। यदि ऐसी तिमाही अन्तराल में न्यूनतम मजदूरी में ऐसा कोई संशोधन होता है तो वृद्धि-प्रतिकर केवल संशोधित दरों पर उसके बाद की तिमाही में किए गए कार्य के लिए देय होगा।

(c) Irrespective of variations in minimum wages of any category of labour, for the purpose of this clause, the variation in the rates for an unskilled adult male mazdoor alone shall form the basis for working out the escalation compensation payable on the labour component.

viii) In the event the price of materials and/or wages of labour required for execution of the work decrease/s, there shall be a downward adjustment of the cost of work so that such price of materials and/or wages of labour shall be deductible from the cost of work under this contract and in this regard the formula herein before stated under this Clause 10(CC) shall mutatis mutandis apply, provided that:

(a) no such adjustment for the decrease in the price of materials and/or wages of labour aforementioned would be made in case of contracts in which the stipulated period of completion of the work is six months or less.

(b) the Engineer-in-Charge shall otherwise be entitled to lay down the procedure by which the provision of this sub-clause shall be implemented from time to time and the decision of the Engineer-in-Charge in this behalf shall be final and binding on the contractor.

ix) Provided always that the provision of the preceding clause 10C shall not be applicable for contracts where provisions of this clause are applicable but in cases where provisions of this clause are not applicable, the provisions of Clause 10C will become applicable.

## CLAUSE 10 D

**Dismantled Material Govt. Property**

The contractor shall treat all materials obtained during dismantling of a structure, excavation of the site for a work, etc. as Government's property and such materials shall be disposed off to the best advantage of Government according to the instructions in writing issued by the Engineer-in-Charge.

## CLAUSE 11

**Work to be Executed in Accordance with Specifications, Drawings, Orders etc.**

The contractor shall execute the whole and every part of the work in the most substantial and workmanlike manner both as regards materials and otherwise in every respect in strict accordance with the specifications. The contractor shall also conform exactly, fully and faithfully to the design, drawings and instructions in writing in respect of the work signed by the Engineer-in-Charge and the contractor shall be furnished free of charge one copy of the contract documents together with specifications, designs, drawings and instructions as are not included in the standard specifications of Central Public Works Department specified in Schedule 'F' or in any Bureau of Indian Standard or any other, published standard or code or, Schedule of Rates or any other printed publication referred to elsewhere in the contract.

The contractor shall comply with the provisions of the contract and with the care and diligence execute and maintain the works and provide all labour and materials, tools and plants including for measurements and supervision of all works, structural plans and other things of temporary or permanent nature required for such execution and maintenance in so far as the necessity for providing these, is specified or is reasonably inferred from the contract. The Contractor shall take full responsibility for adequacy, suitability and safety of all the works and methods of construction.

ग) श्रमिकों विभिन्न वर्गों की न्यूनतम मजदूरी में अन्तर होने के बावजूद, इस खण्ड के प्रयोजन से, श्रम घटक को दिए जाने वाले वृद्धि प्रतिकर की गणना, अकुशल, वयस्क पुरुष मजदूर की दरों के अंतर के आधार पर की जाएगी।

viii) यदि सामग्री का मूल्य और/या कार्य के निष्पादन के लिए अपेक्षित श्रमिकों की मजदूरियां, कम हो जाती हैं तो कार्य की लागत का अधोगामी समायोजन किया जाएगा जिससे सामग्री के ऐसे मूल्य और/या श्रमिकों की ऐसी मजदूरियों की इस संविदा के अधीन कार्य की लागत से कटौती की जाएगी और इस बारे में इस खण्ड 10 गग के अधीन यहां पहले बताया गया फार्मूला यथावश्यक परिवर्तन सहित लागू होगा परन्तु;

क) उन संविदाओं की दशा में, जिनमें कार्य पूरा करने की नियत अवधि छः माह या इससे कम है, सामग्री का मूल्य और/या ऊपर वर्णित श्रमिकों की मजदूरियों में कमी के लिए ऐसा कोई समायोजन नहीं किया जाएगा।

ख) भारसाधक इंजीनियर को अन्यथा अधिकार होगा कि वह ऐसी प्रक्रिया निर्धारित करें जिससे इस उपखण्ड का उपबंध समय-समय पर कार्यान्वित किया जाएगा और इस निमित्त भारसाधक इंजीनियर का विनिश्चत अन्तिम और बाध्यकारी होगा।

ix) पूर्ववर्ती खण्ड 10 ग के उपबन्ध ऐसी संविदाओं को लागू नहीं होंगे जिनपर इस खण्ड के उपबंध लागू होते हैं। किन्तु ऐसी संविदा को, जिनपर इस खण्ड के उपबन्ध लागू नहीं होते हैं, खण्ड 10 ग के उपबन्ध लागू हो जाएंगे।

**खण्ड 10 घ**

*तोड़ फोड़ से प्राप्त सामग्री सरकार की सम्पत्ति है*

ढांचे को तोड़ने फोड़ने, कार्यस्थल की खुदाई आदि के दौरान प्राप्त सभी सामग्रियों को ठेकेदार सरकार की सम्पत्ति के रूप में मानेगा और ऐसी समाग्रियों को भारसाधक इंजीनियर के लिखित अनुदेशों के अनुसार सरकार के हित को ध्यान में रखते हुए निपटाएगा।

**खण्ड 11**

*विनिर्देशों, नक्शों आदेशों आदि के अनुसार कार्य निष्पादन*

ठेकेदार सामग्रियों और अन्य हर तरह से पूरे कार्य और कार्य के प्रत्येक भाग को पूरी तरह विनिर्देशों के अनुरूप, सुदृढ़ और कारीगरीपूर्ण ढंग से निष्पादित करेगा। ठेकेदार अभिकल्प, आरेखों और भारसाधक इंजीनियर द्वारा हस्ताक्षरित कार्य के सम्बन्ध में लिखित अनुदेशों को सही तरह से, पूर्णतः और निष्ठा से पालन करेगा और ठेकेदार को ठेका कागजात की एक प्रति जिसमें विनिर्देश, अभिकल्प, आरेख और ऐसे अनुदेश जो अनुसूची 'च' में निर्दिष्ट केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के मानक विनिर्देश में शामिल न हों या किसी भारतीय मानक ब्यूरो या किसी अन्य प्रकाशित मानक या संहिता या दर अनुसूची या ठेके में अन्यत्र उल्लिखित कोई अन्य मुद्रित प्रकाशन में न हों, उनके सहित बिना शुल्क दिए जाएंगे।

ठेकेदार ठेके के प्रावधानों का पालन करेगा और कार्य का निष्पादन और अनुरक्षण पूरी सावधानी और परिश्रम से करेगा और सभी कार्यों को मापने और पर्यवेक्षण के लिए, श्रमिक और सामग्रियां, औजार एवं संयंत्रों, संरचनात्मक प्लान और निष्पादन एवं अनुरक्षण के लिए अपेक्षित स्थायी और अस्थायी प्रकृति की अन्य वस्तुएं उपलब्ध कराएगा यदि इन्हें उपलब्ध कराना निर्दिष्ट हो या ठेके में ऐसा समुचित अभिप्राय हो। ठेकेदार निर्माण की विधियों और सभी कार्यों की पर्याप्तता, उपयुक्तता और सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी लेगा।

## CLAUSE 12 :

**Deviations/ Variations Extent and Pricing**

The Engineer-in-Charge shall have power (i) to make alteration in, omissions from, additions to, or substitutions for the original specifications, drawings, designs and instructions that may appear to him to be necessary or advisable during the progress of the work, and (ii) to omit a part of the works in case of non-availability of a portion of the site or for any other reasons and the contractor shall be bound to carry out the works in accordance with any instructions given to him in writing signed by the Engineer-in-Charge and such alterations omissions, additions or substitutions shall form part of the contract as if originally provided therein and any altered, additional or substituted work which the contractor may be directed to do in the manner specified above as part of the works, shall be carried out by the contractor on the same conditions in all respects including price on which he agreed to do the main work except as hereafter provided.

**12.1.1** The time for completion of the works shall, in the event of any deviations resulting in additional cost over the tendered value sum being ordered, be extended, if requested by the contractor, as follows :

i) In the proportion which the additional cost of the altered, additional or substituted work, bears to the original tendered value plus

ii) 25% of the time calculated in (i) above or such further additional time as may be considered reasonable by the Engineer-in-Charge.

**12.1.2** Rates for such altered, additional or substituted work shall be determined by the Engineer-in-Charge as follows :

i) If the rate for altered, additional or substituted item of work is specified in the schedule of quantities, the contractor shall carry out the altered, additional or substituted items at the same rate. In the case of composite tenders, where two or more schedules of quantities may form part of the contract, the applicable rate shall be taken from the schedule of quantities of that particular part in which the deviation is involved, failing that at the lowest applicable rate for the same item of work in the other schedules of quantities.

ii) If the rate for any altered, additional. or substituted item of work is not specified in the schedule of quantities, the rate for that item shall be derived from the rate for the nearest similar item specified therein. In case of composite tenders where two or more schedule of quantities form part of the contract, the rate shall be derived from the nearest similar item in the schedule of quantities of the particular part of works in which the deviation is involved failing that from the lowest of the nearest similar items in other schedule of quantities.

iii) If the rate for altered, additional or substituted item of work cannot be determined in the manner specified in sub-paras (i) and (ii) above, then such item of works shall be carried out at the rate entered in Schedule of Rates mentioned in Schedule 'F' plus/minus the percentage by which the tendered amount of the works actually awarded is higher or lower than the corresponding estimated amount of the works actually awarded.

iv) If the rate for any altered, additional or substitute item of work cannot be determined in the manner specified in sub para (i) to (iii) above, then the rate for such item of work shall be derived from the Schedule of Rates specified in sub-para (iii) above plus/minus the percentage mentioned in that sub-para. In the case of materials issued by the Government, issue rates of materials, with storage charges recovered, enhanced by two and a half per cent for

**खण्ड 12**

**विचलन/अन्तरसीमा और कीमत निर्धारण**

भारसाधक इंजीनियर को अधिकार होगा कि वह (1) मूल विनिर्देशों, आरेखों, अभिकल्पों, और अनुदेशों में ऐसे परिवर्तन, विलोप, परिवर्द्धन, प्रतिस्थापन कर सकता है जो वह कार्य की प्रगाति के दौरान आवश्यक अथवा उचित समझे। और (2) कार्यस्थल के किसी भाग के अनुपलब्धता या किन्हीं अन्य कारणों से कार्य के किसी भाग को छोड़ सकता है और ठेकेदार भारसाधक इंजीनियर द्वारा हस्ताक्षरित लिखित किसी भी अनुदेशों के अनुरूप कार्य करने के लिए बाध्य होगा और ऐसे परिवर्तन, विलोप, परिवर्द्धन या प्रतिस्थापन ठेके के भाग होंगे और इन्हें यह माना जाएगा कि वे पहले से ही मूलतः ठेके में विद्यमान थे और किसी भी परिवर्तित, अतिरिक्त, प्रतिस्थापित कार्य को कार्य के भाग के रूप में उपर्युक्त निर्दिष्ट अनुसार करने का ठेकेदार को निदेश दिया गया हो तो, ठेकेदार द्वारा निम्नलिखित को छोड़कर मुख्य कार्य के लिए तय किए गए मूल्य सहित हर तरह से उन्हीं शर्तों पर किया जाएगा।

**12.1.1** यदि आदेश किए जा रहे विचलन के कारण, निविदित्त मूल्य राशि से अधिक, अतिरिक्त लागत होती है तो ठेकेदार के अनुरोध करने पर कार्य पूरा करने का समय निम्नलिखित अनुसार बढ़ाया जाएगा।

i) परिवर्तित, अतिरिक्त या प्रतिस्थापित कार्य की अतिरिक्त लागत का मूल निविदित्त मूल्य से जो अनुपात हो।

ii) उपर्युक्त (i) में निकाले गए समय का 25 प्रतिशत या ऐसा अतिरिक्त समय जो भारसाधक इंजीनियर उचित समझे।

**12.1.2** ऐसे परिवर्तित, अतिरिक्त या प्रतिस्थापित कार्य के लिए भारसाधक इंजीनियर द्वारा निम्नलिखित अनुसार दरें निश्चित की जाएंगी,

i) यदि परिवर्तित, अतिरिक्त या प्रतिस्थापित कार्य मदों के लिए दरें मात्राओं की अनुसूची में निर्दिष्ट हों तो ठेकेदार परिवर्तित, अतिरिक्त या प्रतिस्थापित मदें उन्हीं दरों पर करेगा। संयुक्त निविदाओं के मामले में, जहां ठेके में दो या अधिक मात्राओं की अनुसूचियाँ हों तो, लागू की जाने वाली दरें उस भाग विशेष की मात्राओं की अनुसूची से ली जाएंगी जिसमें विचलन समाहित हो और ऐसा न होने पर अन्य मात्राओं की अनुसूची में कार्य की उसी मद के लिए लागू निम्नतर दर से ली जाएंगी।

ii) यदि किसी परिवर्तित, अतिरिक्त या प्रतिस्थापित कार्य की मद के लिए मात्राओं की अनुसूची में दर विनिर्दिष्ट न हो तो ऐसी मद के लिए दर, निकटतम सदृश मद के लिए उसमें निर्दिष्ट दर से ली जाएगी। संयुक्त निविदाओं के मामले में, जहां दो या अधिक मात्राओं की अनुसूची ठेके में सन्निहित हो, वहां विचलन वाले कार्य के भाग विशेष की दर मात्राओं की अनुसूची में निकटतम सदृश मद से निकाली जाएगी। ऐसा न होने पर मात्राओं की अन्य अनुसूची में निकटतम सदृश मद की न्यूनतम दर से निकाली जाएगी।

iii) यदि कार्य की परिवर्तित, अतिरिक्त या प्रतिस्थापित मद के लिए दर उपर्युक्त उप-पैरा (i) व (ii) के अनुसार निश्चित नहीं की जा सकती है तो ऐसी कार्य मदों को अनुसूची (च) में उल्लिखित दर अनुसूची में प्रविष्ट दरों पर किया जाएगा जिसमें उतनी प्रतिशतता जोड़/घटा दी जाएगी जितनी वास्तव में प्रदत्त कार्यों की निविदित्त राशि, प्राक्कलित राशि से अधिक या कम हो।

iv) यदि किसी परिवर्तित, अतिरिक्त या प्रतिस्थापित कार्यमद के लिए दर उपर्युक्त उप पैरा (i) से (iii) में निर्दिष्ट अनुसार निश्चित नहीं की जा सकी तो ऐसी कार्य मद के लिए दर, उपर्युक्त उप पैरा (iii) में निदिष्ट दर अनुसूची से ली जाएगी जिसमें उक्त उप पैरा में उल्लिखित प्रतिशतता को जोड़ा/घटा दिया जाएगा। सरकार द्वारा निर्गत सामग्रियों के मामले में सामग्रियों की निर्गत दरें,

profits and overheads shall be adopted in place of schedule rate plus percentage specified in sub-para (iii). Provided always that if rate(s) for part(s) of the item(s) are not available in the Schedule of Rates specified above, rate for part(s) of such item(s) shall be determined on the basis of market rate(s) prevailing during the fortnight following the date of the order plus ten percent for profit and overhead.

v) If the rate for any altered, additional or substituted item of work cannot be determined in the manner specified in sub-paras (i) to (iv) above, the contractor shall, within 15 days of the date of receipt of the order to carry out the said work, inform the Engineer-in-Charge of the rate which he proposes to claim for such item of work, supported by analysis of the rate claimed, and the Engineer-in-Charge shall, within three months thereafter, after giving due consideration to the rate claimed by the contractor, determine the rate on the basis of market rate(s). In the event of the contractor failing to inform the Engineer-in-Charge within the stipulated period of time, the rate which he proposes to claim, the rate for such item shall be determined by the Engineer-in-Charge on the basis of market rate(s).

vi A) Except in case of items relating to foundations as it exists at the time of commencement of work (see vi B below), provisions contained in sub clauses (i) to (v) above shall not apply to contract, altered or substituted items as individually exceed the deviation limit specified in schedule 'F' subject to the following:-

(a) Deviation limit shall apply to individual items.

(b) The value of additions of items, of any individual trade not already included in the contract, shall not exceed 10% of the Tendered value of work, subject to overall deviation limit as provided in vi(A) above.

Provided further that in case where the original item is substituted, the Substituted Item shall be deemed to have replaced the original item in the contract itself to that extent and above provisions pertaining to the deviations shall apply with respect to such Substituted Item and not the original item.

vi B) In case of items relating to foundations as it exists at the time of commencement of work, quantities of which may change due to site conditions, provisions contained in sub-Clause (i) to (v) above shall not apply to:

(a) Value of any item of any individual trade which exceed by more than the percentage mentioned in Schedule 'F' of the value of that trade, included in the contract, as a whole, unless the contractor and the Engineer-in-Charge agree to a higher percentage of any particular item.

(b) The value of item not included in the contract in excess of 10% of the Tendered value of work.

NOTE : Individual trade means the Sub-heads into which the schedule of quantities as provided in the contract has been divided and in the absence of any such provision in the contract the sub-heads as given in the schedule of rates.

**12.2** In the case of contract items, substituted items, contract cum substituted items or additional items which exceed the limits laid down in sub para (vi) of condition 12.1.2. above, the contractor may within fifteen days of receipt of order or occurrence of the excess claim revision of the rates, supported by proper analysis, for the work in excess of the above

अनुसूची दर, में उप पैरा (iii) में निर्दिष्ट प्रतिशतता को जोड़कर प्राप्त दर, के स्थान पर, भण्डारण प्रभार की वसूली सहित लाभ, ऊपरी खर्चों के लिए ढाई प्रतिशत बढ़ाकर ली जाएंगी। परन्तु सर्वदा यह कि यदि मद (मदों) के भाग (भागों) के लिए दर (दरें) उपर्युक्त निर्दिष्ट दरों की अनुसूची में उपलब्ध नहीं हैं तो ऐसी मद (मदों) के भाग (भागो) के लिए दर (दरें) आदेश की तारीख के बाद के पखवाडे के दौरान प्रचलित बाजार दर (दरों) के आधार पर, जिसमें लाभ और ऊपरी खर्चों के लिए दस प्रतिशत जोड़ा जाएगा, निश्चित की जाएगी।

v) यदि किसी परिवर्तित, अतिरिक्त या प्रतिस्थापित कार्य मद के लिए दर उपर्युक्त उप पैरा (i) से (iv) में निर्दिष्ट अनुसार निश्चित नहीं की जा सकती है तो ठेकेदार उक्त कार्य को करने के आदेश की प्राप्ति की तारीख के 15 दिनों के भीतर भारसाधक इंजीनियर को सूचित करेगा कि वह ऐसी कार्य मद के लिए किस दर का दावा करना चाहता है जिसमें दावाकृत दर का विश्लेषण भी होगा और उसके बाद भारसाधक इंजीनियर ठेकेदार द्वारा दावाकृत दर पर अच्छी तरह से विचार करके तीन माह के भीतर बाजार दर के आधार पर दर (दरें) निर्धारित करेगा। यदि ठेकेदार निर्धारित समयावधि में दावे के लिए प्रस्तावित दर की सूचना भारसाधक इंजीनियर को देने में विफल रहता है तो एसी मद के लिए दर भारसाधक इंजीनियर द्वारा बाजार दर (दरों) के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

vi) अ कार्य प्रारंभ करते समय स्थिति के अनुसार नीवों से संबंधित मदों के सिवाय (नीचे (vi) ब देखें) निम्नलिखित के अध्यधीन रहते हुए उपर्युक्त उप खण्ड (i) से (v) में निहित प्रावधान, ठेका, अनुसूची 'च' में निर्दिष्ट विचलन सीमा से पृथक्तः अधिक वाली ठेके की, परिवर्तित, प्रतिस्थापित मदों पर लागू नहीं होंगे।

क) विचलन सीमा पृथक् मदों पर पृथक् लागू होगी।

ख) उपर्युक्त vi) (अ) में दी गई विचलन सीमा के अध्यधीन रहते हुए ठेके में पहले से शामिल न किए गए किसी भी पृथक् कार्यकलाप की अतिरिक्त मदों का मूल्य कार्य के निविदित्त मूल्य के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

आगे, यह भी कि यदि मूल मद को प्रतिस्थापित किया जाता है तो प्रतिस्थापित मद को ही उस सीमा तक ठेके में मूल मद के स्थान पर माना जाएगा और विचलन से संबंधित उपर्युक्त प्रावधान ऐसी प्रतिस्थापित मद पर लागू होंगे न कि मूल मद पर।

vi) ब कार्य प्रारंभ करते समय की स्थिति अनुसार नींव से संबंधित मदों के मामले में, जिनकी मात्राएं कार्यस्थल की स्थिति के कारण बदल सकती हैं; उपर्युक्त उपखण्ड i) से v) में निहित प्रावधान निम्नलिखित को लागू नहीं होंगे।

क) किसी पृथक् कार्यकलाप की किसी भी मद का मूल्य, जो अनुसूची 'च' में उस कार्यकलाप के जो ठेके में पूरी तरह सम्मिलित हो, के मूल्य की उल्लिखित प्रतिशतता से अधिक हो जब तक ठेकेदार और भारसाधक इंजीनियर किसी विशेष मद की उच्चतर प्रतिशतता के लिए सहमत न हों।

ख) कार्य के निविदित्त मूल्य के 10 प्रतिशत से अधिक की ठेके में शामिल न की गई मद का मूल्य।

टिप्पणी :- पृथक् कार्यकलाप का अर्थ उन उपशीर्षों से है जिनमें ठेके में दी गई मात्राओं की अनुसूची विभाजित है और ठेके में ऐसे प्रावधानों के न होने पर दर अनुसूची में दिए गए उपशीर्ष।

12.2 ठेका मदें, प्रतिस्थापित मदें, ठेका व प्रतिस्थापित या अतिरिक्त मदें, जो उपर्युक्त शर्त 12.1 के उप पैरा vi) में दी गई सीमाओं से अधिक हों, उनके मामले में ठेकेदार आदेश प्राप्त होने या ऐसा आधिक्य होने के पन्द्रह दिन के भीतर, उपर्युक्त सीमाओं से अधिक के कार्य के लिए उपयुक्त विश्लेषण देकर दरों में संशोधन का दावा कर

mentioned limits, provided that if the rates so claimed are in excess of the rates specified in the schedule of quantities of those derived in accordance with the provisions of sub-para (i) to (iv) of conditions 12.1.2. by more than five percent, the Engineer-in-Charge shall, within three months of receipt of the claims supported by analysis, after giving consideration to the analysis of the rates submitted by the contractor, determine the rates on the basis of the market rates and if the rates so determined exceed the rates specified in the schedule of quantities or those derived in accordance with the provisions of sub-paras (i) to (iv) of condition 12.1.2. by more than five percent, the contractor shall be paid in accordance with the rates so determined. In the event of the contractor failing to claim revision of rates within the stipulated period, or if the rates determined by the Engineer-in-Charge within the period of three months of receipt of the claims supported by analysis are within five per cent of the rates specified in the schedule of quantities or of those determined in accordance with the provisions of sub para (i) to (iv) of condition 12.1.2, the Engineer-in-Charge shall make payment at the rates as specified in the schedule of quantities or those already determined under sub para (i) to (iv) of condition 12.1.2. for the quantities in excess of the limits laid down in sub para (vi) of condition 12.1.2.

**12.3** The provisions of the preceeding paragraph shall also apply to the decrease in the rates of items for the work in excess of the limits laid down in sub para (vi) of condition 12.1.2. provided that such decrease is more than five per cent of rates specified in the schedule of quantities or of those derived in accordance with the provisions of sub para (i) to (iv) of condition 12.1.2. and the Engineer-in-Charge may after giving notice to the contractor within two months of receipt of order by the contractor or occurrence of the excess and after taking into consideration any reply received from him within fifteen days of receipt of the notice revise the rates for the work in question within two months of expiry of the said period of fifteen days having regard to the market rates.

**12.4** The contractor shall send to the Engineer-in-Charge once every three months an upto date account giving complete details of all claims for additional payments to which the contractor may consider himself entitled and of all additional work ordered by the Engineer-in-Charge which he has executed during the preceding quarter failing which the contractor shall be deemed to have waived his right. However, the Superintending Engineer may authorise consideration of such claims on merits.

**12.5** For the purpose of operation of Clause 12.1.2 (vi) the following works shall be treated as works relating to foundation:

i) For buildings, compound walls plinth level or 1.2 meters (4 feet) above ground level whichever is lower excluding items of flooring and D.P.C. but including base concrete below the floors.

ii) For abutments, piers, retaining walls of culverts and bridges, walls of water reservoirs the bed of floor level.

iii) For retaining walls where floor level is not determinate 1.2 metres above the average ground level or bed level.

iv) For Roads all items of excavation and filling including treatment of sub-base.

**12.6** Any operation incidental to or necessarily has to be in contemplation of tenderer while filing tender, or necessary for proper execution of the item included in the Schedule of quantities or in the schedule of rates mentioned above, whether or not, specifically indicated in the description of the item and the relevant specifications, shall be deemed to be included in the rates quoted by the tenderer or the rate given in the said schedule of rates, as the case may be. Nothing extra shall be admissible for such operations.

उन सभी मामलों में, जिनमें ठेका मजदूरी (विनियमन तथा उन्मूलन) अधिनियम, 1970 तथा ठेका मजदूरी (विनियमन तथा उन्मूलन) केन्द्रीय नियम, 1971 के उपबंधों के कारण यदि सरकार को, निष्पादित कार्य के लिए ठेकेदार द्वारा नियोजित मजदूरों को मजदूरी की कोई भी राशि अदा करने की या उक्त अधिनियम और खण्ड 19 ज के अंतर्गत नियम या केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ठेकेदार श्रम विनियमनों के अंतर्गत या केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों द्वारा नियोजित मजदूरों के स्वास्थ्य की सुरक्षा और स्वच्छता संबंधी प्रबंधों के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर बनाए गए नियमों के अन्तर्गत उपलब्ध की जाने वाली कल्याण तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाएं उपलब्ध कराने में किए गए किसी प्रकार के व्यय के लिए सरकार द्वारा इस प्रकार अदा की गई मजदूरी की राशि को वह ठेकेदार से वसूल करेगी; तथा ठेका श्रम (विनियमन तथा उन्मूलन) अधिनियम 1970 की धारा 20 की उप-धारा (2) तथा धारा 21 की उप-धारा (4) के अधीन सरकार के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना सरकार को यह अधिकार होगा कि वह ऐसी राशि या इसके किसी भाग को प्रतिभूति निक्षेप में से या ठेकेदार को सरकार द्वारा देय किसी भी राशि में से, चाहे वह इस ठेके के अंतर्गत आती हो या किसी अन्य प्रकार से हो, काट ले। सरकार उक्त अधिनियम की धारा 20 की उप-धारा (1) तथा धारा 21 की उपधारा (4) के अधीन किए गए किसी दावे के विरुद्ध लड़ने को तभी बाध्य होगी, जब ठेकेदार लिखित रूप में अनुरोध करे तथा वह सरकार को समस्त खर्च के लिए पूर्ण प्रतिभूति दे जिसके लिए सरकार ऐसे दावों के विरुद्ध लड़ने पर जिम्मेदार हो सकती है।

## CLAUSE 19

**Labour Laws to be complied by the Contractor**

The contractor shall obtain a valid licence under the Contract Labour (R&A) Act 1970, and the Contract Labour (Regulation and Abolition) Central Rules 1971, before the commencement of the work, and continue to have a valid license until the completion of the work.

Any failure to fulfil this requirement shall attract the penal provisions of this contract arising out of the resultant non-execution of the work.

## CLAUSE 19 A

No labour below the age of eighteen years shall be employed on the work.

## CLAUSE 19 B

**Payment of Wages**

Payment of wages:

i) The contractor shall pay to labour employed by him either directly or through sub-contractors, wages not less than fair wages as defined in the C.P.W.D. Contractor's Labour Regulations or as per the provisions of the Contract Labour (Regulation and Abolition) Act 1970 and the contract Labour (Regulation and Abolition) Central Rules, 1971, wherever applicable.

ii) The contractor shall, notwithstanding the provisions of any contract to the contrary, cause to be paid fair wage to labour indirectly engaged on the work, including any labour engaged by his sub-contractors in connection with the said work, as if the labour had been immediately employed by him.

iii) In respect of all labour directly or indirectly employed in the works for performance of the contractor's part of this contract, the contractor shall comply with or cause to be complied with the Central Public Works Department contractor's Labour Regulations made by Government from time to time in regard to payment of wages, wage period, deductions from wages recovery of wages not paid and deductions unauthorisedly made, maintenance of wage books or wage slips, publication of scale of wages and other terms of employment, inspection and submission of periodical returns and all other matters of the like nature or as per the provisions of the Contract Labour (Regulation and Abolition) Act 1970, and the Contract Labour (Regulation and Abolition) Central Rules, 1971, wherever applicable.

iv) a) The Engineer-in-Charge concerned shall have the right to deduct from the moneys due to the contractor any sum required or estimated to be required for making good the loss suffered by a worker or workers by reason of nonfulfillment of the conditions of the contract for the benefit of the workers, non-payment of wages or of deductions made from his or their wages which are not justified by their terms of the contract or non-observance of the Regulations.

b) Under the provision of Minimum Wages (Central) Rules 1950, the contractor is bound to allow to the labours directly or indirectly employed in the works one day rest for 6 days continuous work and pay wages at the same rate as for duty. In the event of default the Engineer-in-Charge shall have the right to deduct the sum or sums not paid on account of wages for weekly holidays to any labours and pay the same to the persons entitled thereto from any money due to the contractor by the Engineer-in-Charge concerned.

**खण्ड 19**

**ठेकेदार द्वारा श्रम विधि का पालन**

ठेकेदार कार्य आरम्भ करने से पूर्व ठेका श्रम (विनियमन तथा उन्मूलन) अधिनियम 1970, तथा ठेका श्रम (विनियमन तथा उन्मूलन) केन्द्रीय नियम, 1971 के अधीन वैध अनुज्ञा पत्र प्राप्त करेगा तथा कार्य के समाप्त होने तक वैध अनुज्ञा पत्र अपने पास बनाए रखेगा।

इस अपेक्षा को पूरा न करने की स्थिति में इस ठेके के दण्ड संबंधी वे उपबंध प्रभावी हो जाएंगें जो कार्य के निष्पादन न होने की स्थिति में होते हैं।

**खण्ड 19 क**

कार्य पर 18 वर्ष से कम आयु का कोई श्रमिक नियोजित नहीं किया जाएगा।

**खण्ड 19 ख**

**मजदूरी का भुगतान**

मजदूरी का भुगतानः

i) ठेकेदार अपने द्वारा सीधे ही नियोजित अथवा उप-ठेकेदारों के माध्यम से नियोजित श्रमिकों को उचित मजदूरी से कम अदा नहीं करेगा जैसा कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ठेकेदार श्रमिक नियम या ठेका श्रमिक (विनियमन तथा उन्मूलन) अधिनियम 1970 और ठेका श्रमिक (विनियमन तथा उन्मूलन) केन्द्रीय नियम 1971, इन में जो भी लागू हो, के उपबन्धों में पारिभषित किए गए हैं।

ii) ठेकेदार, ठेके के विपरीत कोई उपबन्ध होने के बावजूद भी, कार्य पर अप्रत्यक्ष रूप से नियोजित श्रमिकों को, जिनमें वे श्रमिक भी शामिल होंगे जो उक्त कार्य के संबंध में उसके उप-ठेकेदार द्वारा नियोजित किए गए हों, यह मानते हुए उचित मजदूरी का भुगतान करेगा मानो उसने श्रमिक हाल ही में कार्य के लिए नियोजित किए हैं।

iii) इस ठेके में ठेकेदार के भाग के निष्पादन के लिए कार्यों में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से नियोजित सभी श्रमिकों के बारे में ठेकेदार, मजदूरी की अदायगी, मजदूरी की अवधि, मजदूरी से कटौती, अदा नहीं की गई मजदूरी की वसूली तथा अनधिकृत रूप से की गई कोई कटौतियों, मजदूरी पुस्तिका या मजदूरी की पर्चियों का अनुरक्षण, मजदूरी के वेतनमान तथा नौकरी की अन्य शर्तों का प्रकाशन, आवधिक विवरणों का निरीक्षण तथा प्रस्तुत करना तथा इस प्रकार के अन्य मामलों के संबंध में, सरकार द्वारा समय समय पर बनाए गए केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ठेकेदार श्रमिक नियम या जहां ठेका श्रमिक (विनियमन तथा उन्मूलन) अधिनियम 1970, और ठेका श्रमिक (विनियमन तथा उन्मूलन) केन्द्रीय अधिनियम, 1971 लागू हो वहां उनमें दी हुई व्यवस्थाओं के अनुसार पालन करेगा या पालन कराने की व्यवस्था करेगा।

iv) क) संबधित भारसाधक इंजीनियर को यह अधिकार होगा कि वह ठेकेदार को देय राशियों में से, कोई भी राशि काट सकता है जो कर्मकारों के हित संबंधी ठेके की शर्तों के पालन न करने के कारण मजदूरी की अदायगी नही किए जाने या उसकी अथवा उनकी मजदूरियों से ऐसी कटौतियां करने जो ठेके की शर्तों के अंतर्गत न्यायसंगत नहीं हो या विनियमों की अवहेलना के कारण, कर्मकार अथवा कर्मकारों, द्वारा उठाई गई क्षति को पूरा करने के लिए, अपेक्षित हो अथवा जिसके अपेक्षित होने का अनुमान लगाया गया हो।

ख) न्यूनतम मजदूरी (केन्द्रीय) नियम 1950 के उपबंधों के अनुसार ठेकेदार कार्य में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियोजित श्रमिकों को छः दिन के लगातार कार्य करने के पश्चात एक दिन का विश्राम देने और उसके लिए कार्य दिवसों की भांति ही मजदूरी देने के लिए बाध्य है। इसमें त्रुटि करने पर भारसाधक इंजीनियर को अधिकार होगा कि वह ठेकेदार को देय किसी भी राशि में से उस धनराशि को काट ले, जो किसी भी श्रमिक को साप्ताहिक अवकाश की मजदूरी के कारण न दी गई हो और फिर उसका भुगतान हकदार व्यक्तियों को कर दे।

In the case of Union Territory of Delhi, however, as the all inclusive minimum daily wages fixed under Notification of the Delhi Administration No.F.12(162)MWO/DAB/43884-91, dated 31-12-1979 as amended from time to time are inclusive of wages for the weekly day of rest, the question of extra payment for weekly holiday would not arise.

v) The contractor shall comply with the provisions of the Payment of Wages Act, 1936, Minimum Wages Act, 1948, Employees Liability Act, 1938, Workmen's Compensation Act, 1923, Industrial Disputes Act, 1947, Maternity Benefits Act, 1961, and the Contractor's Labour (Regulation and Abolition) Act 1970, or the modifications thereof or any other laws relating thereto and the rules made thereunder from time to time.

vi) The contractor shall indemnify and keep indemnified Government against payments to be made under and for the observance of the laws aforesaid and the C.P.W.D. Contractor's Labour Regulations without prejudice to his right to claim indemnity from his sub-contractors.

vii) The laws aforesaid shall be deemed to be a part of this contract and any breach thereof shall be deemed to be a breach of this contract.

viii) Whatever is the minimum wage for the time being, or if the wage payable is higher than such wage, such wage shall be paid by the contractor to the workmen directly without the intervention of Jamadar and that Jamadar shall not be entitled to deduct or recover any amount from the minimum wage payable to the workmen as and by way of commission or otherwise.

ix) The contractor shall ensure that no amount by way of commission or otherwise is deducted or recovered by the Jamadar from the wage of workmen.

## CLAUSE 19 C

In respect of all labour directly or indirectly employed in the work for the performance of the contractor's part of this contract, the contractor shall at his own expense arrange for the safety provisions as per C.P.W.D. Safety Code framed from time to time and shall at his own expense provide for all facilities in connection therewith. In case the contractor fails to make arrangement and provide necessary facilities as aforesaid he shall be liable to pay a penalty of Rs.200/- for each default and in addition the Engineer-in- Charge shall be at liberty to make arrangement and provide facilities as aforesaid and recover the costs incurred in that behalf from the contractor.

## CLAUSE 19 D

The contractor shall submit by the 4th and 19th of every month, to the Engineer-in-Charge a true statement showing in respect of the second half of the preceding month and the first half of the current month respectively:-

(1) the number of labourers employed by him on the work,

(2) their working hours,

(3) the wages paid to them,

(4) the accidents that occurred during the said fortnight showing the circumstances under which they happened and the extent of damage and injury caused by them, and

तथापि, संघराज्य दिल्ली के मामले में दिल्ली प्रशासन की अधिसूचना सं. एफ 12 (162) एम डब्लू ओ/डी ए बी/4388-91 दि. 31-12-1979, समय-समय पर यथासंशोधित के अन्तर्गत निर्धारित की गई संपूर्ण न्यूनतम दैनिक मजदूरी में चूंकि साप्ताहिक विश्राम के दिन की मजदूरी सम्मिलित है, इसलिए साप्ताहिक अवकाश के लिए अतिरिक्त भुगतान का प्रश्न पैदा नहीं होगा।

v) ठेकेदार, मजदूरी अदायगी अधिनियम 1936, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, कर्मचारी देयता अधिनियम 1938, कर्मकार प्रतिकर अधिनियम 1923, औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947, प्रसूति लाभ अधिनियम 1961 तथा ठेकेदार श्रमिक (विनियमन तथा उन्मूलन) अधिनियम 1970 अथवा उनके आशोधनों अथवा उनसे संबंधित अन्य कानून तथा समय-समय पर उनके अन्तर्गत बने नियमों के उपबन्धों का पालन करेगा।

vi) ठेकेदार, उपर्युक्त विधियों तथा केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ठेकेदार श्रमिक विनियमों के पालनार्थ तथा उनके अन्तर्गत की जाने वाली अदायगियों के लिए अपने उप-ठेकेदारों से क्षतिपूर्ति लेने के संबंध में उसके अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना सरकार की क्षतिपूर्ति करेगा और क्षति से बचाए रखेगा।

vii) उक्त विधियाँ इस संविदा के भाग के रूप में समझी जाएंगी और उनका कोई भी भंग इस संविदा का भंग माना जाएगा।

viii) उस समय जो भी न्यूनतम मजदूरी है या यदि संदेय मजदूरी ऐसी मजदूरी से अधिक है तो ऐसी मजदूरी जमादारों के हस्तक्षेप के बिना ठेकेदारों द्वारा सीधे ही कर्मकारों को संदत्त की जाएगी और यह कि जमादार कर्मकारों को संदेय न्यूनतम मजदूरी में से दलाली के रूप में या अन्यथा किसी रकम की कटौती करने या वसूल करने के लिए हकदार नहीं होगा।

ix) ठेकेदार यह सुनिश्चित करेगा कि जमादार दलाली के रूप में या अन्यथा, कर्मकार की मजदूरी में से न कोई रकम काटे या वसूली करे।

**खण्ड 19 ग**

इस ठेके के अन्तर्गत ठेकेदार द्वारा किए जाने वाले कार्य को करने के लिए प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः नियोजित सभी श्रमिकों के संबंध में, ठेकेदार केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा समय समय पर तैयार सुरक्षा संहिता के अनुरूप अपने खर्चे पर सुरक्षा साधनों की व्यवस्था करेगा और वह उनके संबंध में सभी सुविधाओं की व्यवस्था भी अपने खर्चे पर करेगा। यदि ठेकेदार यथा उपर्युक्त व्यवस्था करने और आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराने में असफल रहेगा तो वह हर दोष के लिए 200 रुपए की शास्ति का संदाय करने के लिए दायी होगा और इसके अतिरिक्त भारसाधक इन्जीनियर उपर्युक्त व्यवस्था करने और सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए और इस संबंध में किए गए खर्चे को ठेकेदार से वसूल करने के लिए स्वतंत्र होगा।

**खण्ड 19 घ**

ठेकेदार प्रत्येक मास की चौथी और उन्नीसवीं तारीख तक भारसाधक इन्जीनियर को क्रमशः पूर्ववर्ती मास के उत्तरार्ध और चालू मास के पूर्वार्ध से संबंधित, निम्नलिखित को दर्शाते हुए, एक सही विवरण देगाः-

(1) उसके द्वारा काम पर नियोजित श्रमिकों की संख्या,

(2) उनके काम के घंटे

(3) उनको संदत मजदूरी

(4) उक्त पक्ष के दौरान हुई दुर्घटनाएं, जिन में उन परिस्थितियों का उल्लेख भी किया जाए जिनके अधीन वे घटित हुई और उनके कारण कितना नुकसान हुआ तथा चोटें पहुँची, और

(5) the number of female workers who have been allowed maternity benefit according to Clause 19F and the amount paid to them.

Failing which the contractor shall be liable to pay to Government a sum not exceeding Rs.200/- for each default or materially incorrect statement. The decision of the Divisional Officer shall be final in deducting from any bill due to the contractor the amount levied as fine and be binding on the contractor.

## CLAUSE 19 E

In respect of all labour directly or indirectly employed in the works for the performance of the contractor's part of this contract, the contractor shall comply with or cause to be complied with all the rules framed by Government from time to time for the protection of health and sanitary arrangements for workers employed by the Central Public Works Department and its contractors.

## CLAUSE 19 F

Leave and pay during leave shall be regulated as follows:-

1. Leave:

   (i) in the case of delivery - maternity leave not exceeding 8 weeks, 4 weeks up to and including the day of delivery and 4 weeks following that day,

   (ii) in the case of miscarriage - upto 3 weeks from the date of miscarriage.

2. Pay:

   (i) in the case of delivery - leave pay during maternity leave will be at the rate of the women's average daily earnings, calculated on total wages earned on the days when full time work was done during a period of three months immediately preceding the date on which she gives notice that she expects to be confined or at the rate of Rupee one only a day whichever is greater.

   (ii) in the case of miscarriage - leave pay at the rate of average daily earning calculated on the total wages earned on the days when full time work was done during a period of three months immediately preceding the date of such miscarriage.

3. Conditions for the grant of Maternity Leave:

   No maternity leave benefit shall be admissible to a woman unless she has been employed for a total period of not less than six months immediately preceding the date on which she proceeds on leave.

4. The contractor shall maintain a register of Maternity (Benefit) in the Prescribed Form as shown in annexure - I and II, and the same shall be kept at the place of work.

## CLAUSE 19 G

In the event of the contractor(s) committing a default or breach of any of the provisions of the Central Public Works Department, Contractor's Labour Regulations and Model Rules for the protection of health and sanitary arrangements for the workers as amended from time to time or furnishing any information or submitting or filing any statement under the

(5) ऐसी महिला कर्मकारों की संख्या जिनको खण्ड 19-च के अनुसार प्रसूति-सुविधा दी गई हो और वह रकम जो उनको संदत्त की गई।

ऐसा न करने पर ठेकेदार सरकार को प्रत्येक दोष या तात्विक रूप से गलत विवरण के लिए 200 रु. से अनधिक राशि के संदाय का दायी होगा। मण्डल अधिकारी का ठेकेदार को शोध्य किसी बिल में से जुर्माने के रुप में उदग्रहित रकम की कटौती करने की बाबत विनिश्चय अंतिम होगा और ठेकेदार के लिए बाध्यकारी होगा।

**खण्ड 19 ङ**

इस ठेके में ठेकेदार द्वारा किए जाने वाले काम को करने के लिए प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः नियोजित सभी श्रमिकों के संबंध में, ठेकेदार केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग और उसके ठेकेदारों द्वारा नियोजित कर्मकारों के लिए स्वास्थ्य-संरक्षण और स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं के लिए समय-समय पर सरकार द्वारा विरचित सभी नियमों का पालन करेगा या कराएगा।

**खण्ड 19 च**

छुट्टी के दौरान छुट्टी और वेतन निम्न प्रकार से विनियमित किए जाएंगेः

1. छुट्टीः
   - i) प्रसव की दशा में—8 सप्ताह से अनधिक की प्रसूति छुट्टी जिसमें 4 सप्ताह की छुट्टी प्रसव होने तक, जिसके अंतर्गत प्रसव दिन भी है, और 4 सप्ताह की छुट्टी उस दिन के पश्चात होगी।
   - ii) गर्भस्त्राव की दशा में—गर्भस्त्राव की तारीख से 3 सप्ताह तक।
2. वेतनः
   - i) प्रसव की दशा में—प्रसूति छुट्टी के दौरान छुट्टी वेतन की दर उस तारीख से जिसको उस स्त्री ने इस बात की सूचना दी हो की वह प्रसवावस्था में होने की आशा करती है, ठीक पूर्व 3 मास की कालावधि के दौरान के ऐसे दिनों के लिए जिनको उसने पूर्णकालिक कार्य किया हो, कुल उपार्जित मजदूरी पर संगणित औसत दैनिक उपार्जन की दर से या एक रुपए प्रति दिन की दर से, उनमें से जो भी अधिक हो, होगी।
   - ii) गर्भस्त्राव की दशा में—छुट्टी वेतन की दर ऐसे गर्भस्त्राव होने की तारीख से ठीक पूर्व 3 मास की कालावधि के दौरान के ऐसे दिनों के लिए, जिनको उसने पूर्णकालिक कार्य किया हो, कुल उपार्जित मजदूरी पर संगणित औसत दैनिक उपार्जन की दर से होगी।
3. प्रसूति छुट्टी की मंजूरी के लिए शर्तें

   प्रसूति छुट्टी का लाभ किसी महिला को तब तक नहीं मिलेगा जब तक कि वह उस तारीख से, जिससे वह छुट्टी पर जा रही हो, ठीक पूर्व छः मास से अन्यून की कुल कालावधि के लिए नियोजित न रह चुकी हो।
4. ठेकेदार, प्रसूति (सुविधा) का एक रजिस्टर परिशिष्ट -I एवं II में दर्शाए गए निर्धारित प्ररूप में रखेगा और वह रजिस्टर कार्य के स्थान पर रखा जाएगा।

**खण्ड 19 छ**

यदि ठेकेदार, कर्मकारों के स्वास्थ्य-रक्षण एवं स्वच्छता संबंधी, समय-समय पर यथा संशोधित केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ठेकेदार श्रमिक विनियमों और आदर्श नियमों के उपबंधों में से किसी का व्यतिक्रम या भंग करेगा या उपर्युक्त विनियमों या नियमों के उपबंधों के अधीन कोई ऐसी जानकारी देगा या ऐसा कोई विवरण देगा या फाइल करेगा जो तात्विक रूप से गलत हो तो वह/वे किसी अन्य दायित्व पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना,

provisions of the above Regulations and Rules which is materially incorrect, he/they shall, without prejudice to any other liability, pay to the Government a sum not exceeding Rs.200/- for every default, breach or furnishing, making, submitting, filing such materially incorrect statements and in the event of the contractor(s) defaulting continuously in this respect, the penalty may be enhanced to Rs.200/- per day for each day of default subject to a maximum of 5 per cent of the estimated cost of the work put to tender. The decision of the Engineer-in-Charge shall be final and binding on the parties.

Should it appear to the Engineer-in-Charge that the contractor(s) is/are not properly observing and complying with the provisions of the C.P.W.D. Contractor's Labour Regulations and Model Rules and the provisions of the Contract Labour (Regulation and Abolition) Act 1970, and the Contract Labour ( R& A) Central Rules 1971, for the protection of health and sanitary arrangements for work-people employed by the contractor(s) (hereinafter referred as "the said Rules") the Engineer-in-Charge shall have power to give notice in writing to the contractor(s) requiring that the said Rules be complied with and the amenities prescribed therein be provided to the work-people within a reasonable time to be specified in the notice. If the contractor(s) shall fail within the period specified in the notice to comply with and/observe the said Rules and to provide the amenities to the work-people as aforesaid, the Engineer-in-Charge shall have the power to provide the amenities hereinbefore mentioned at the cost of the contractor(s). The contractor(s) shall erect, make and maintain at his/their own expense and to approved standards all necessary huts and sanitary arrangements required for his/their work-people on the site in connection with the execution of the works, and if the same shall not have been erected or constructed, according to approved standards, the Engineer-in-Charge shall have power to give notice in writing to the contractor(s) requiring that the said huts and sanitary arrangements be remodelled and/or reconstructed according to approved standards, and if the contractor(s) shall fail to remodel or reconstruct such huts and sanitary arrangements according to approved standards within the period specified in the notice, the Engineer-in-Charge shall have the power to remodel or reconstruct such huts and sanitary arrangements according to approved standards at the cost of the contractor(s).

## CLAUSE 19 H

The contractor(s) shall at his/their own cost provide his/their labour with a sufficient number of huts (hereinafter referred to as the camp) of the following specifications on a suitable plot of land to be approved by the Engineer-in-Charge.

i) a) The minimum height of each hut at the eaves level shall be 2.10m (7 ft.) and the floor area to be provided will be at the rate of 2.7 sq.m. (30 sq.ft.) for each member of the worker's family staying with the labourer.

b) The contractor(s) shall in addition construct suitable cooking places having a minimum area of 1.80m x 1.50m (6'x5') adjacent to the hut for each family.

c) The contractor(s) shall also construct temporary latrines and urinals for the use of the labourers each on the scale of not less than four per each one hundred of the total strength, separate latrines and urinals being provided for women.

d) The contractor(s) shall construct sufficient number of bathing and washing places, one unit for every 25 persons residing in the camp. These bathing and washing places shall be suitably screened.

ii) a) All the huts shall have walls of sun-dried or burnt-bricks laid in mud mortar or other suitable local materials as may be approved by the Engineer-in-Charge.

हर व्यतिक्रम, भंग के लिए या तात्विक रूप से ऐसे गलत विवरणों के देने, बनाने, प्रस्तुत करने, फाइल करने के लिए सरकार को 200 रुपए से अनधिक की राशि संदत्त करेगा और इस संबंध में ठेकेदार द्वारा लगातार व्यतिक्रम करने की दशा में शास्ति को बढ़ाकर व्यतिक्रम के प्रत्येक दिन के लिए 200 रुपए किया जा सकेगा किन्तु उसकी अधिकतम राशि निविदत्त कार्य की प्राक्कलित लागत की 5 प्रतिशत होगी। भारसाधक इंजीनियर का विनिश्चय अंतिम और पक्षकारों पर बाध्यकारी होगा।

यदि भारसाधक इंजीनियर को यह प्रतीत हो कि ठेकेदार (ठेकेदारों) द्वारा नियोजित कर्मकारों के लिए स्वास्थ्य रक्षा और स्वच्छता संबंधी व्यवस्था के केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ठेकेदार श्रम विनियम और आदर्श नियमों तथा ठेका श्रमिक (विनियमन तथा उन्मूलन) अधिनियम 1970 तथा ठेका श्रमिक (विनियमन तथा उन्मूलन) अधिनियम 1971 के उपबंधों का (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् "उक्त नियम" कहा गया है) ठेकेदार उचित रूप से पालन और अनुवर्तन नहीं कर रहा है/कर रहे हैं, तो भारसाधक इंजीनियर को यह शक्ति होगी कि वह ठेकेदार (ठेकेदारों) को लिखित सूचना देकर उससे/उनसे अपेक्षा करे कि उक्त नियमों का अनुपालन किया जाए और उसमें निर्धारित सुख सुविधाएं सूचना में विनिर्दिष्ट किए जाने वाले उचित समय के भीतर, कर्मकारों को दी जाए। यदि ठेकेदार सूचना में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर उक्त नियमों का अनुवर्तन और अनुपालन करने में और पूर्वोक्त कर्मकारों को सुख-सुविधएं देने में असफल रहेगा तो भारसाधक इंजीनियर को, ठेकेदार (ठेकेदारों) के व्यय पर, इसमें पूर्व वर्णित सुख-सुविधाओं की व्यवस्था करने की शक्ति होगी। ठेकेदार कार्य के निष्पादन के संबंध में कार्य स्थल पर अपने कर्मकारों के लिए अपेक्षित आवश्यक झोपड़ियों का निर्माण और स्वच्छता व्यवस्था का प्रबंध अपने खर्च पर और अनुमोदित मानकों के अनुरूप करेगा और उन्हें बनाए रखेगा तथा यदि अनुमोदित मानकों के अनुसार उनका निर्माण अथवा सन्निर्माण नहीं कराया गया तो भारसाधक इंजीनियर को यह शक्ति होगी कि वह ठेकेदार (ठेकेदारों) को लिखित सूचना देकर यह अपेक्षा करे कि अनुमोदित मानकों के अनुसार ऐसी झोपड़ियों और स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं का पुनः प्रतिरूपेण और/या पुनर्निर्माण कराया जाए और यदि ठेकेदार सूचना में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर अनुमोदित मानकों के अनुसार ऐसी झोपड़ियों और स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं का पुनः प्रतिरूपण अथवा पुनर्निर्माण करने में असफल रहेगा/रहेंगे तो भारसाधक इंजीनियर को ठेकेदार (ठेकेदारों) के व्यय पर अनुमोदित मानकों के अनुसार ऐसी झोपड़ियों और स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं का पुनः प्रतिरूपण अथवा पुनर्निर्माण कराने की शक्ति होगी।

**खण्ड 19 ज**

ठेकेदार अपने श्रमिकों के लिए अपने खर्चे पर, भूमि के यथोचित खंड पर जिसे भारसाधक इंजीनियर अनुमोदित करेगा, पर्याप्त संख्या में निम्नलिखित विनिर्देशों वाली झोपड़ियाँ (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् कैम्प कहा गया है) व्यवस्था करेगा/करेंगे।

i) (क) प्रत्येक झोपड़ी की ओलती तल पर ऊंचाई 2.10 मीटर (7 फुट) होगी और फर्श का क्षेत्रफल श्रमिक के साथ रहने वाले उनके कुटुम्ब के प्रत्येक सदस्य के लिए 2.7 वर्ग मीटर (30 वर्ग फुट) के हिसाब से होगा।

(ख) इसके अतिरिक्त ठेकेदार प्रत्येक कुटुम्ब के लिए झोंपड़ी की बगल में उपयुक्त रसोईघर बनाएगा जिसका क्षेत्रफल कम से कम 1.80 मीटर x 1.50 मीटर (6 फुट x 5 फुट) होगा।

(ग) ठेकेदार श्रमिकों के उपयोग के लिए अस्थायी शौचालयों और मूत्रालयों का भी सन्निर्माण कराएगा/कराएंगे जो उनकी कुल संख्या के प्रत्येक सौ के लिए चार से कम न होंगे। स्त्रियों के लिए अलग शौचालय और मूत्रालय होंगे।

(घ) ठेकेदार पर्याप्त संख्या में स्नानगृहों और धुलाई के स्थानों का सन्निर्माण कराएगा/कराएंगे जो कैम्प में निवास करने वाले प्रत्येक 25 व्यक्तियों के लिए एक के हिसाब से होंगे। इन स्नानगृहों और धुलाई के स्थानों पर यथोचित बाड़ होगी।

ii) (क) सभी झोपडियों की दीवारें धूप में पकाई गई अथवा चटका ईंटों की होंगी जो गारे या अन्य ऐसी

In case of sun-dried bricks, the walls should be plastered with mud gobri on both sides. The floor may be kutcha but plastered with mud gobri and shall be at least 15 cm (6") above the surrounding ground. The roofs shall be laid with thatch or any other materials as may be approved by the Engineer-in-Charge and the contractor shall ensure that throughout the period of their occupation the roofs remain water-tight.

b) The contractor(s) shall provide each hut with proper ventilation.

c) All doors, windows, and ventilators shall be provided with suitable leaves for security purposes.

d) There shall be kept an open space of at least 7.2m (8 yards) between the rows of huts which may be reduced to 6m (20 ft.) according to the availability of site with the approval of the Engineer-in-Charge. Back to back construction will be allowed.

iii) **Water Supply** - The contractor(s) shall provide adequate supply of water for the use of labourers. The provisions shall not be less than two gallons of pure and wholesome water per head per day for drinking purposes and three gallons of clean water per head per day for bathing and washing purposes. Where piped water supply is available, supply shall be at stand posts and where the supply is from wells or river, tanks which may be of metal or masonry, shall be provided. The contractor(s) shall also at his/their own cost make arrangements for laying pipe lines for water supply to his/their labour camp from the existing mains wherever available, and shall pay all fees and charges therefor.

iv) The site selected for the camp shall be high ground, removed from jungle.

v) **Disposal of Excreta** - The contractor(s) shall make necessary arrangements for the disposal of excreta from the latrines by trenching or incineration which shall be according to the requirements laid down by the Local Health Authorities. If trenching or incineration is not allowed the contractor(s) shall make arrangements for the removal of the excreta through the Municipal Committee/authority and inform it about the number of labourers employed so that arrangements may be made by such Committee/authority for the removal of the excreta. All charges on this account shall be borne by the contractor and paid direct by him to the Municipality/authority. The contractor shall provide one sweeper for every eight seats in case of dry system.

vi) **Drainage** - The contractor(s) shall provide efficient arrangements for draining away sullage water so as to keep the camp neat and tidy.

vii) The contractor(s) shall make necessary arrangements for keeping the camp area sufficiently lighted to avoid accidents to the workers.

viii) **Sanitation** - The contractor(s) shall make arrangements for conservancy and sanitation in the labour camps according to the rules of the Local Public Health and Medical Authorities.

## CLAUSE 19 I

The Engineer-in-Charge may require the contractor to dismiss or remove from the site of the work any person or persons in the contractors' employ upon the work who may be incompetent or misconduct himself and the contractor shall forthwith comply with such requirements.

स्थानीय यथोचित सामग्री से, जो भारसाधंक इंजीनियर द्वारा अनुमोदित, चिनी गई होंगी। धूप में पकाई गई ईटों के मामले में दीवारों पर दोनों तरफ मडगोबरी से प्लस्तर किया जाएगा। तल कच्चा हो सकता है लेकिन इसमें मडगोबरी से प्लस्तर किया जाएगा और यह, आस-पास की सतह से कम से कम 15 सेमी (6 इंच) ऊंचा होगा। छत फूस या भारसाधक इंजीनियर द्वारा अनुमोदित किसी अन्य सामग्री की होगी और ठेकेदार यह सुनिश्चित करेगा कि जब तक इन झोपड़ियों में रहा जाता है तब तक छतें टपकें नहीं।

(ख) ठेकेदार प्रत्येक झोपड़ी में उचित संवातन की व्यवस्था करेगा।

(ग) सुरक्षा की दृष्टि से सभी दरवाजों, खिड़कियों, रोशनदानों में उपयुक्त किवाड़ लगे होंगे।

(घ) झोपड़ियों की कतारों के बीच कम से कम 7.2 मीटर (8 गज) की खुली जगह रखी जाएगी जो स्थान की उपलब्धता के अनुसार भारसाधक इंजीनियर के अनुमोदन से घटाकर 6 मीटर (20 फुट) की जा सकती है। सटे पिछवाड़ों के निर्माण की अनुमति होगी।

iii) **जल आपूर्ति**—ठेकेदार श्रमिकों के उपयोग के लिए पर्याप्त जल आपूर्ति की व्यवस्था करेगा/करेंगे। पीने के प्रयोजनों के लिए प्रतिदिन प्रति व्यक्ति कम से कम 2 गैलन शुद्ध और स्वास्थ्यप्रद जल और स्नान और धुलाई के प्रयोजनों के लिए प्रति दिन प्रति व्यक्ति कम से कम 3 गैलन स्वच्छ जल की व्यवस्था होगी। जहां नल द्वारा जल आपूर्ति उपलब्ध हो वहां जल आपूर्ति स्टैन्ड पोस्टों पर होगा और जहां जल आपूर्ति कुँओं या नदी से हो वहां ऐसी टंकियों की व्यवस्था होगी जो धातु की बनी हो या चिनाई की हों। ठेकेदार विद्यमान पानी की मुख्य लाइन से जहाँ कहीं वे उपलब्ध हो, अपने खर्चे पर अपने श्रमिक कैम्प को जल आपूर्ति के लिए पाईप बिछाने की व्यवस्था करेगा/करेंगे और उसके लिए सभी प्रकार के शुल्कों और प्रभारों का संदाय करेगा/करेंगे।

iv) कैम्प के लिए चुना गया स्थान, जंगल को हटाकर ऊँची भूमि पर होगा।

v) **मल-मूत्र का निपटान**—ठेकेदार शौचालयों के मल-मूत्र के निपटान के लिए खाइयां खोदकर अथवा भस्मीकरण द्वारा ऐसे आवश्यक प्रबंध करेगा/करेंगे जो स्थानीय स्वास्थ्य प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित अपेक्षाओं के अनुसार होंगे। यदि खाइयों को खोदना या भस्मीकरण अनुज्ञात न हो तो ठेकेदार नगरपालिका समिति/प्राधिकारी के माध्यम से मल-मूत्र को हटवाने का प्रबंध करेगा/करेंगे और उसे नियोजित श्रमिकों की संख्या संबंधी जानकारी देगा/देगें जिससे कि ऐसे समिति/प्राधिकारी द्वारा मल-मूत्र के हटवाने का प्रबंध किया जा सके। इससे संबंधित सभी प्रभार ठेकेदार द्वारा वहन किए जाएंगे और उनका संदाय उसके द्वारा सीधे नगरपालिका/प्राधिकारी को किया जाएगा। शुष्क शौचालयों की दशा में ठेकेदार प्रति आठ सीटों के लिए एक झाड़ूकश की व्यवस्था करेगा।

vi) **जल निकास**— ठेकेदार गंदे पानी की निकास के लिए कारगर व्यवस्था करेगा ताकि कैम्प साफ सुथरा रहे।

vii) ठेकेदार दुर्घटनाओं से कर्मकारों के बचाव के लिए कैम्प क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करेगा/करेंगे।

vii) **स्वच्छता**- ठेकेदार स्थानीय लोक स्वास्थ्य और चिकित्सा प्राधिकारियों के नियमों के अनुसार श्रमिक कैम्पो में मल वहन और स्वच्छता के लिए व्यवस्था करेगा/करेंगे।

**खण्ड 19 झ**

भारसाधक इंजीनियर ठेकेदार से उसके द्वारा काम पर नियोजित ऐसे किसी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों को, जो अक्षम हों अथवा अवचार करते हों, पदच्युत करने या कार्यस्थल से हटाने की अपेक्षा कर सकेगा और ठेकेदार ऐसी अपेक्षाओं का तुरन्त अनुपालन करेगा।

## CLAUSE 19 J

It shall be the responsibility of the contractor to see that the building under construction is not occupied by any body unauthorisedly during construction, and is handed over to the Engineer-in-Charge with vacant possession of complete building. If such building though completed is occupied illegally, then the Engineer-in-Charge shall have the option to refuse to accept the said building/buildings in that position. Any delay in acceptance on this account will be treated as the delay in completion and for such delay a levy upto 5% of tendered value of work may be imposed by the Superintending Engineer whose decision shall be final both with regard to the justification and quantum and be binding on the contractor.

However, the Superintending Engineer, through a notice, may require the contractor to remove the illegal occupation any time on or before construction and delivery.

## CLAUSE 20

**Minimum Wages Act to be Complied with**

The contractor shall comply with all the provisions of the Minimum Wages Act, 1948, and Contract Labour (Regulation and Abolition) Act, 1970, amended from time to time and rules framed thereunder and other labour laws affecting contract labour that may be brought into force from time to time.

## CLAUSE 21

**Work not to be sublet. Action in case of insolvancy**

The contract shall not be assigned or sublet without the written approval of the Engineer-in-Charge. And if the contractor shall assign or sublet his contract, or attempt to do so, or become insolvent or commence any insolvency proceedings or make any composition with his creditors or attempt to do so, or if any bribe, gratuity, gift, loan, perquisite, reward or advantage pecuniary or otherwise, shall either directly or indirectly, be given, promised or offered by the contractor, or any of his servants or agent to any public officer or person in the employ of Government in any way relating to his office or employment, or if any such officer or person shall become in any way directly or indirectly interested in the contract, the Engineer-in-Charge on behalf of the President of India shall have power to adopt any of the courses specified in Clause 3 hereof as he may deem best suited to the interest of Government and in the event of any of these courses being adopted the consequences specified in the said Clause 3 shall ensue.

## CLAUSE 22

All sums payable by way of compensation under any of these conditions shall be considered as reasonable compensation to be applied to the use of Government without reference to the actual loss or damage sustained and whether or not any damage shall have been sustained.

## CLAUSE 23

**Changes in firm's Constitution to be intimated**

Where the contractor is a partnership firm, the previous approval in writing of the Engineer-in-Charge shall be obtained before any change is made in the constitution of the firm. Where the contractor is an individual or a Hindu undivided family business concern such approval as aforesaid shall likewise be obtained before the contractor enters into any partnership agreement whereunder the partnership firm would have the right to carry out the works hereby undertaken by the contractor. If previous approval as aforesaid is not obtained, the contract shall be deemed to have been assigned in contravention of Clause 21 hereof and the same action may be taken, and the same consequences shall ensue as provided in the said Clause 21.

**खण्ड 19 ञ**

ठेकेदार का यह उत्तरदायित्व होगा कि वह इस बात पर ध्यान रखे कि निर्माणाधीन भवनों में कोई अनधिकृत रूप से कब्जा न करें और वह खाली तथा पूरा भवन प्रभारी इंजीनियर को सुपुर्द करें। यदि ऐसा भवन पूर्ण होने पर भी अनधिकृत रूप में किसी अन्य के कब्जे में हो तो प्रभारी इंजीनियर को यह विकल्प होगा कि वह ऐसे भवन/भवनों को उस स्थिति में स्वीकार करने से मना कर दे और इस कारण से स्वीकार करने में होने वाले विलम्ब को निर्माणकालीन विलम्व के रूप में माना जाएगा जिसके लिए अधीक्षण इंजीनियर द्वारा कार्य के निविदित मूल्य के 5 प्रतिशत तक जुर्माना लगाया जा सकता है और इनका निर्णय औचित्य और परिमाण दोनों दृष्टि से अन्तिम होगा और ठेकेदार के लिए बाध्यकारी होगा।

किन्तु, अधीक्षण इंजीनियर सूचना द्वारा ठेकेदार से अनधिकृत कब्जे को, भवन सुपुर्द करने से पहले, हटाने की अपेक्षा कर सकता है।

**खण्ड 20**

**न्यूनतम मजदूरी अधिनियम पालनार्थ**

ठेकेदार, न्यूनतम मजदूरी.अधिनियम, 1948, ठेका श्रम (विनियमन तथा उन्मूलन), अधिनियम 1970 समय-समय पर यथा संशोधित तथा उसके अन्तर्गत बनाए गए नियम तथा ठेका श्रम को प्रभावित करने वाले अन्य श्रम विधियाँ जिन्हें समय-समय पर लागू किया जा सकता है, का पालन करेगा।

**खण्ड 21**

**कार्य अन्य को न सौंपना, दिवालिया होने पर की जाने वाली कार्रवाई**

भारसाधक इन्जीनियर के लिखित अनुमोदन के बिना ठेका समनुदेशित अथवा उपपट्टे पर नहीं दिया जाएगा और, यदि ठेकेदार अपने ठेके को समनुदेशित करेगा या उप-पट्टे पर देगा अथवा ऐसा करने का प्रयत्न करेगा अथवा दिवालिया हो जाएगा या दिवाला विषयक कार्यवाहियाँ प्रारम्भ करेगा अथवा अपने लेनदारों से कोई प्रशमन करेगा या ऐसा करने का प्रयत्न करेगा अथवा यदि ठेकेदार या उसका कोई सेवक या अभिकर्त्ता किसी सरकारी अधिकारी या सरकार के नियोजन में व्यक्ति को किसी भी रूप से उसके पद अथवा नियोजन के संबंध में प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः कोई रिश्वत, उपदान, दान, उधार, परिलब्धि, इनाम या धनीय अथवा अन्यथा फायदा पहुंचाएगा, देने का वायदा करेगा या प्रस्थापना करेगा अथवा यदि ऐसा अधिकारी या व्यक्ति किसी भी प्रकार से प्रत्यक्षतः अथवा अप्रयत्यक्ष ठेके में हितबद्ध होगा तो भारत के राष्ट्रपति की ओर से भारसाधक इंजीनियर को इसके खण्ड 3 में विनिर्दिष्ट कोई भी कार्यवाही, जिसे वह सरकार के हित में सर्वोत्तम रूप से उपयुक्त समझे, करने की शक्ति होगी और यदि इनमें से कोई भी कार्यवाही की जाती है तो उसके उक्त खण्ड 3 में विनिर्दिष्ट परिणाम होगें।

**खण्ड 22**

इन शर्तों में से किसी के अधीन प्रतिकर के तौर पर संदेय सभी राशियां वास्तविक रूप से हुई हानि या नुकसान के प्रति निर्देश के बिना, और चाहे कोई नुकसान हुआ हो अथवा नहीं, सरकार के उपयोग में लाए जाने के लिए उचित प्रतिकर समझी जाएंगी।

**खण्ड 23**

**फर्म के गठन में परिवर्तन की सूचना**

यदि ठेकेदार कोई भागीदारी फर्म है तो फर्म के गठन में कोई भी परिवर्तन करने से पूर्व भारसाधक इंजीनियर का लिखित अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाएगा। यदि ठेकेदार कोई व्यष्टि या हिन्दू अविभक्त कुटुम्ब का कारवारी फर्म हो तो इसी प्रकार से ठेकेदार के किसी ऐसे भागीदारी करार को करने से पूर्व यथा पूर्वोक्त अनुमोदन प्राप्त कर लिया जाएंगा जिसके अधीन भागीदारी फर्म को उस कार्य को करने का अधिकार होगा जिसके करने का भार ठेकेदार ने एतदद्वारा अपने ऊपर लिया हो। यदि यथा पूर्वोक्त पूर्व अनुमोदन प्राप्त नहीं किया गया है तो ठेका इसके खण्ड 21 के उल्लंघन में समनुदेशित किया गया समझा जाएगा और उस पर वही कार्रवाई की जा सकेगी और उसके वही परिणाम होगे जो उक्त खण्ड 21 में उपबंधित हैं।

## CLAUSE 24

All works to be executed under the contract shall be executed under the direction and subject to the approval in all respects of the Engineer-in-Charge who shall be entitled to direct at what point or points and in what manner they are to be commenced, and from time to time carried on.

## CLAUSE 25

**Settlement of Disputes & Arbitration**

Except where otherwise provided in the contract all questions and disputes relating to the meaning of the specifications, design, drawings and instructions here-in before mentioned and as to the quality of workmanship or materials used on the work or as to any other question, claim, right, matter or thing whatsoever in any way arising out of or relating to the contract, designs, drawings, specifications, estimates, instructions, orders or these conditions or otherwise concerning the works or the execution or failure to execute the same whether arising during the progress of the work or after the cancellation, termination, completion or abandonment thereof shall be dealt with as mentioned hereinafter:.

i) If the contractor considers any work demanded of him to be outside the requirements of the contract, or disputes any drawings, record or decision given in writing by the Engineer-in-Charge on any matter in connection with or arising out of the contract or carrying out of the work, to be unacceptable, he shall promptly within 15 days request the Superintending Engineer in writing for written instruction or decision. Thereupon, the Superintending Engineer shall give his written instructions or decision within a period of one month from the receipt of the contractor's letter.

If the Superintending Engineer fails to give his instructions or decision in writing within the aforesaid period or if the contractor is dissatisfied with the instructions or decision of the Superintending Engineer, the contractor may, within 15 days of the receipt of Superintending Engineer's decision, appeal to the Chief Engineer who shall afford an opportunity to the contractor to be heard, if the latter so desires, and to offer evidence in support of his appeal. The Chief Engineer shall give his decision within 30 days of receipt of contractor's appeal. If the contractor is dissatisfied with this decision, the contractor shall within a period of 30 days from receipt of the decision, give notice to the Chief Engineer for appointment of arbitrator failing which the said decision shall be final binding and conclusive and not referable to adjudication by the arbitrator.

ii) Except where the decision has become final, binding and conclusive in terms of Sub Para (i) above disputes or difference shall be referred for adjudication through arbitration by a sole arbitrator appointed by the Chief Engineer, CPWD, in charge of the work or if there be no Chief Engineer, the administrative head of the said CPWD. If the arbitrator so appointed is unable or unwilling to act or resigns his appointment or vacates his office due to any reason whatsoever another sole arbitrator shall be appointed in the manner aforesaid. Such person shall be entitled to proceed with the reference from the stage at which it was left by his predecessor.

It is a term of this contract that the party invoking arbitration shall give a list of disputes with amounts claimed in respect of each such dispute alongwith the notice for appointment of arbitrator and giving reference to the rejection by the Chief Engineer of the appeal.

It is also a term of this contract that no person other than a person appointed by such Chief Engineer CPWD or the administrative head of the CPWD, as aforesaid should act as arbitrator and if for any reason that is not possible, the matter shall not be referred to arbitration at all.

**खण्ड 24**

ठेके के अधीन किया जाने वाला सब कार्य, हर प्रकार से, भारसाधक इन्जीनियर के निदेशाधीन और उसके अनुमोदन के अधीन निष्पादित किया जाएगा और उस भारसाधक इन्जीनियर को यह निर्देश करने का हक होगा कि वे कार्य किस स्थान या किन स्थानों पर और किस प्रकार से आरम्भ किए जाने और समय-समय पर चलाए जाने हैं।

**खंण्ड 25**

विवादों का निपटारा और माध्यस्थम

यहां उल्लिखित को छोडकर जहां ठेके में अन्यथा उप-बंधित हों, इसमें पूर्व वर्णित विनिर्दिशों, डिजाइनों, आरेखों और अनुदेशों, के अर्थ से संबंधित और कार्य में प्रयुक्त कार्य कौशल या सामग्री की क्वालिटी के संबंध में या किसी अन्य प्रश्न, दावा, अधिकार, बातों या चीज के संबंध में, वह चाहे जो भी हो, जो ठेके, डिजाइनों, आरेखों, विनिर्देशों, प्राक्कलनों, अनुदेशों या इन शर्तों में किसी प्रकार उद्भूत हुई हो तो उससे संबंधित के या अन्यथा कार्यों के संबंध में हो अथवा उनके निष्पादन या निष्पादन में असफलता से जुड़े हों, सभी प्रश्न और विवाद, चाहें वे कार्य की प्रगति के दौरान या रद्द करने, पूरा करने या उसके परित्याग करने के बाद, उत्पन्न हुए हों, उन्हें यहां इसके बाद उल्लिखित अनुसार निपटाया जाएगा।

i) यदि ठेकेदार से अपेक्षित किसी कार्य को ठेकेदार ठेके के अंतर्गत नहीं मानता या किसी नक्शे, रिकार्ड या ठेके से संबंधित या उससे उत्पन्न किसी भी मामले में भारसाधक इंजीनियर द्वारा दिए गए लिखित निर्णय या किए गए कार्य का अस्वीकार्य होने पर विवाद करता है तो वह 15 दिन के अंदर अधीक्षण इंजीनियर को लिखित अनुदेश या निर्णय के लिए लिखित रूप से अनुरोध करेगा, उसके बाद ठेकेदार से पत्र की प्राप्ति के एक माह की अवधि के अंदर अधीक्षण इंजीनियर अपने लिखित अनुदेश या निर्णय देगा।

यदि अधीक्षण इंजीनियर पूर्वोक्त अवधि के अंदर अपने अनुदेश या निर्णय देने में असफल रहता है या यदि ठेकेदार अधीक्षण इंजीनियर के अनुदेश या निर्णय से असंतुष्ट हो तो ठेकेदार अधीक्षण इंजीनियर के निर्णय की प्राप्ति के 15 दिन के अंदर मुख्य इंजीनियर को अपील कर सकता है जो कि ठेकेदार को, यदि वह चाहे तो, अपनी बात कहने और अपने बात के पक्ष मे प्रमाण देने का अवसर देगा। मुख्य इंजीनियर अपना निर्णय ठेकेदार की अपील प्राप्त होने के 30 दिन के भीतर देगा यदि ठेकेदार इस निर्णय से असंतुष्ट हो तो ठेकेदार निर्णय की प्राप्ति के 30 दिन के अंदर मुख्य इंजीनियर को मध्यस्थ की नियुक्ति के लिए नोटिस देगा और ऐसा न करने पर उक्त निर्णय अंतिम, बाध्यकारी और एकमेव होगा और मध्यस्थ द्वारा न्यायाधीन नहीं किया जा सकेगा।

ii) जहां निर्णय अंतिम, बाध्यकारी हो जाए उसे छोड़कर उपर्युक्त उप पैरा (i) के निबंधनों के अनुसार विवादों या मतभेदों को, कार्य के प्रभारी, मुख्य इंजीनियर, केलोनिवि द्वारा नियुक्त एकमात्र मध्यस्थ द्वारा माध्यस्थम से न्यायाधीन किया जाएगा या यदि कोई मुख्य इंजीनियर न हो तो उक्त केलोनिवि का प्रशासनिक प्रमुख, यदि इस प्रकार नियुक्त किया गया मध्यस्थ, चाहे किन्हीं भी कारणों से कार्यवाई करने के लिए अक्षम या अनिच्छुक हो या अपनी नियुक्ति से त्यागपत्र दे देता है या कार्यालय छोड़ देता है तो पूर्वोक्त विधि अनुसार एक दूसरा मध्यस्थ नियुक्त किया जाएगा। ऐसे व्यक्ति को अधिकार होगा कि वह संदर्भ लेकर उस स्तर से कार्रवाई शुरू करेगा जहां उसके पूर्ववर्ती ने उसे छोड़ा था।

इस ठेके का एक निबंधन यह है कि माध्यस्थम की याचना करने वाला पक्षकार विवादों की सूची, ऐसे प्रत्येक विवाद के लिए दावाकृत राशि सहित देगा और मध्यस्थ की नियुक्ति के लिए नोटिस और मुख्य इंजीनियर द्वारा अपील अस्वीकृत किए जाने का संदर्भ भी देगा।

इस ठेके का यह भी एक निबंधन है कि पूर्वोक्त अनुसार मुख्य इंजीनियर, केलोनिवि या केलेनिवि के प्रशासनिक प्रमुख द्वारा नियुक्त व्यक्ति के अलावा कोई और अन्य व्यक्ति मध्यस्थ के रूप में कार्य नहीं करेगा और यदि किन्हीं कारणों से यह संभव न हो तो मामला माध्यस्थम को सौंपा ही नहीं जाएगा।

It is also a term of this contract that if the contractor does not make any demand for appointment of arbitrator in respect of any claims in writing as aforesaid within 120 days of receiving the intimation from the Engineer-in-charge that the final bill is ready for payment, the claim of the contractor shall be deemed to have been waived and absolutely barred and the Government shall be discharged and released of all liabilities under the contract in respect of these claims.

The arbitration shall be conducted in accordance with the provisions of the Indian Arbitration Act, 1940, or any statutory modifications or re-enactment thereof and the rules made thereunder and for the time being in force shall apply to the arbitration proceeding under this clause.

The arbitrator may from time to time with the consent of the parties enlarge the time for making and publishing the award.

It is also a term of this contract that the arbitrator shall adjudicate on only such disputes as are referred to him by the appointing authority and give separate award against each dispute and claim referred to him and in all cases where the total amount of the claims by any party exceeds Rs. 1,00,000/- the arbitrator shall give reasons for the award.

It is also a term of the contract that if any fees are payable to the arbitrator these shall be paid equally by both the parties.

It is also a term of the contract that the arbitrator shall be deemed to have entered on the reference on the date he issues notice to both the parties calling them to submit their statement of claims and counter statement of claims. The venue of the arbitration shall be such place as may be fixed by the arbitrator in his sole discretion. The fees, if any, of the arbitrator shall, if required to be paid before the award is made and published, be paid half and half by each of the parties. The cost of the reference and of the award (including the fees, if any, of the arbitrator) shall be in the discretion of the arbitrator who may direct to any by whom and in what manner, such costs or any part thereof shall be paid and fix or settle the amount of costs to be so paid.

## CLAUSE 26

**Contractor to indemnify Govt. against Patent Rights**

The contractor shall fully indemnify and keep indemnified the President of India against any action, claim or proceeding relating to infringement or use of any patent or design or any alleged patent or design rights and shall pay any royalties which may be payable in respect of any article or part thereof included in the contract. In the event of any claims made under or action brought against Government in respect of any such matters as aforesaid the contractor shall be immediately notified thereof and the contractor shall be at liberty, at his own expense, to settle any dispute or to conduct any litigation that may arise therefrom, provided that the contractor shall not be liable to indemnify the President of India if the infringement of the patent or design or any alleged patent or design right is the direct result of an order passed by the Engineer-in-Charge in this behalf.

## CLAUSE 27

**Lumpsum Provisions in Tender**

When the estimate on which a tender is made includes lump sum in respect of parts of the work, the contractor shall be entitled to payment in respect of the items of work involved or the part of the work in question at the same rates as are payable under this contract for such items, or if the part of the work in question is not, in the opinion of the Engineer-in-Charge payable of measurement, the Engineer-in-Charge may at his discretion

इस ठेके का यह भी एक निबंधन है कि यदि ठेकेदार भारसाधक इंजीनियर से यह सूचना मिलने पर, कि बिल भुगतान के लिए तैयार है, 120 दिन के अंदर पूर्वोक्त अनुसार लिखित रूप में किन्हीं दावों के संबंध में मध्यस्थ की नियुक्ति के लिए कोई मांग नहीं करता है तो ठेकेदार का दावा अधित्यक्त और पूर्ण रूप से वर्जित माना जाएगा और सरकार ठेके के अधीन उन दावों के संबंध में सब दायित्वों से उन्मोचित और निर्मुक्त हो जाएगी।

भारतीय माध्यस्थम अधिनियम 1940, या उसके किसी कानूनी संशोधन या पुनराधनियमित और तद्धीन बनाए गए नियमों के उपबंधों, जो तत्समय प्रवृत हों, इस खंड के अधीन माध्यस्थम कार्यवाही को लागू हों, के अनुसार माध्यस्थम कार्यवाही की जाएगी।

मध्यस्थ समय-समय पर पक्षकारों की सम्मति से अधिनिर्णय देने या प्रकाशित करने के समय को बढ़ा सकता है।

इस ठेके का यह भी निबंधन है कि मध्यस्थ केवल ऐसे विवादों पर निर्णय देगा जो उसे नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा सौंपा जाए और सौपे गए प्रत्येक विवाद और दावे के लिए अलग से अधिनिर्णय देगा और सभी मामलों में जहां किसी भी पक्षकार द्वारा किए गए दावों की राशि 1,00,000/- रुपए से अधिक हो वहां मध्यस्थ अधिनिर्णय के लिए कारण बताएगा।

ठेके का यह भी एक निबंधन है कि यदि मध्यस्थ को कोई भी फीस दी जानी हो तो वह दोनों पक्षों द्वारा बराबर बांट के दी जाएगी।

ठेके का यह भी निबंधन है कि मध्यस्थ को मामले में प्रवृत उस तारीख से माना जाएगा जिस तारीख को वह दोनों पक्षों को नोटिस जारी करके अपने-अपने दावों और प्रतिदावों के विवरण प्रस्तुत करने के लिए आदेश देता है। माध्यस्थम का स्थान वही होगा जो मध्यस्थ पूरी तरह अपने विवेक से निश्चित करे। मध्यस्थ की फीस, यदि हो, यदि अधिनिर्णय देने या प्रकाशित करने से पहले दी जानी हो तो दोनों पक्ष बांट कर आधा-आधा देंगे। संदर्भ और अधिनिर्णय की लागत (मध्यस्थ की फीस, यदि कोई हो, सहित) का विनिश्चय मध्यस्थ अपने विवेक के अनुसार करेगा और किसी को भी यह निदेश दे सकता है कि कौन और किस विधि से ऐसी लागतों या उसके अंश का भुगतान करेगा और इस तरह भुगतान की जाने वाली लागतों की राशि निश्चित कर सकता है या निपटा सकता है।

**खण्ड–26**

**पेटेन्ट अधिकारों के प्रति ठेकेदार सरकार की प्रतिपूर्ति करेगा**

ठेकेदार पेटेन्ट या डिजाइन या किन्हीं अधिकथित पेटेन्ट या डिजाइन अधिकारों के अतिलंघन या उपयोग से संबद्ध किसी अनुयोग, दावा या कार्यवाही के विरुद्ध भारत के राष्ट्रपति की क्षतिपूर्ति करेगा और ऐसे किन्हीं स्वामित्वों का संदाय करेगा जो संविदा में सम्मिलित किसी वस्तु या उसके भाग की बाबत संदेय हो। यथापूर्वोक्त विषयों में से किसी की बावत सरकार के अधीन किए गए किन्हीं दावों या उसके खिलाफ किए गए किसी अनुयोग की दशा में ठेकेदार को उसकी तुरन्त अधिसूचना दी जाएगी और ठेकेदार, अपने खर्चे पर, कोई विवाद तय करने या उससे उत्पन्न होने वाली मुकदमेबाजी का संचालन करने के लिए स्वतन्त्र होगा। परन्तु ठेकेदार भारत के राष्ट्रपति को क्षतिपूर्ति करने के लिए दायी नहीं होगा, यदि पेटेन्ट या डिजाइन अथवा अभिकथित पेटेन्ट या डिजाइन अधिकार का अतिलंघन भार साधक इंजीनियर द्वारा इस निमित्त पारित किसी आदेश का सीधा परिणाम हैं।

**खण्ड 27**

**निविदा में एक मुश्त प्रावधान**

जब कि उस प्राक्कलन के अंतर्गत, जिस पर निविदा की जाती है, कार्य के भागों की बावत एकमुश्त राशियां हो, तब ठेकेदार अन्तर्वलित कार्य या प्रश्नगत कार्य के भाग की मदों की बावत उन्हीं दरों पर संदाय के लिए हकदार होगा, जो ऐसी मदों के लिए इस ठेके के अधीन संदेय हो, और यदि प्रश्नगत, कार्य का भाग भारसाधक इंजीनियर की राय में माप के योग्य न हो तो भारसाधक इंजीनियर प्राक्कलन में दर्ज एकमुश्त रकम स्वविवेक पर संदेय कर

pay the lump-sum amount entered in the estimate, and the certificate in writing of the Engineer-in-Charge shall be final and conclusive against the contractor with regard to any sum or sums payable to him under the provisions of the clause.

## CLAUSE 28

**Action where no Specifications are specified**

In the case of any class of work for which there is no such specifications as referred to in Clause 11, such work shall be carried out in accordance with the Bureau of Indian Standards Specifications. In case there is no such specifications in Bureau of Indian Standards, the work shall be carried out as per manufacturers specifications, if not available then as per District Specifications. In case there are no such specifications as required above, the work shall be carried out in all respects in accordance with the instructions and requirements of the Engineer-in-Charge.

## CLAUSE 29

**With-holding and lien in respect of sums due from contractor**

i) Whenever any claim or claims for payment of a sum of money arises out of or under the contract or against the contractor, the Engineer-in-Charge or the Government shall be entitled to withhold and also have a lien to retain such sum or sums in whole or in part from the security, if any deposited by the contractor and for the purpose aforesaid, the Engineer-in-Charge or the Government shall be entitled to withhold the security deposit, if any, furnished as the case may be and also have a lien over the same pending finalisation or adjudication of any such claim. In the event of the security being insufficient to cover the claimed amount or amounts or if no security has been taken from the contractor, the Engineer-in-Charge or the Government shall be entitled to withhold and have a lien to retain to the extent of such claimed amount or amounts referred to above, from any sum or sums found payable or which may at any time thereafter become payable to the contractor under the same contract or any other contract with the Engineer-in-Charge of the Government or any contracting person through the Engineer-in-Charge pending finalisation of adjudication of any such claim.

It is an agreed term of the contract that the sum of money or moneys so withheld or retained under the lien referred to above by the Engineer-in-Charge or Government will be kept withheld or retained as such by the Engineer-in-Charge or Government till the claim arising out of or under the contract is determined by the arbitrator (if the contract is governed by the arbitration clause) by the competent court, as the case may be and that the contractor will have no claim for interest or damages whatsoever on any account in respect of such withholding or retention under the lien referred to above and duly notified as such to the contractor. For the purpose of this clause, where the contractor is a partnership firm or a limited company, the Engineer-in-Charge or the Government shall be entitled to withhold and also have a lien to retain towards such claimed amount or amounts in whole or in part from any sum found payable to any partner/limited company as the case may be, whether in his individual capacity or otherwise.

ii) Government shall have the right to cause an audit and technical examination of the works and the final bills of the contractor including all supporting vouchers, abstract, etc., to be made after payment of the final bill and if as a result of such audit and technical examination any sum is found to have been overpaid in respect of any work done by the contractor under the contract or any work claimed to have been done by him under the contract and found not to have been executed, the contractor shall be liable to refund the amount of over-payment and it shall be lawful for Government to recover the same from him in the manner prescribed in sub-clause (i) of this clause or in any other manner legally permissible; and if it is found that the

सकेगा और भारसाधक इंजीनियर का प्रमाणपत्र ठेकेदार के विरुद्ध इस खण्ड के उपबन्धों के अधीन उसे संदेय किसी राशि या राशियों की बावत अन्तिम और निश्चायक होगा।

**खण्ड 28**

**विनिर्देश निर्दिष्ट न होने पर कार्यवाही**

किसी ऐसे कार्य वर्ग, जिसके लिए खण्ड 11 में यथावर्णित कोई विनिर्देश नहीं हैं, की दशा में ऐसा कार्य भारतीय मानक ब्यूरों के विनिर्देशों के अनुसार किया जाएगा। यदि भारतीय मानक ब्यूरों में ऐसे कोई विनिर्देश नहीं हैं तो कार्य को निर्माता के विनिर्देशों के अनुसार किया जाएगा, यदि ये भी उपलब्ध न हो तो जिला विनिर्देशों के अनुसार। यदि ऐसे विनिर्देश न हों तो कार्य को हर तरह से भारसाधक इंजीनियर के अनुदेशों और अपेक्षाओं के अनुसार किया जाएगा।

**खण्ड 29**

**ठेकेदार से ली जाने वाली राशियों के संबंध में रोकना और धारणाधिकार**

i) जब भी ठेके से या उसके अधीन ठेकेदार के खिलाफ किसी धनराशि के भुगतान के लिए दावा या दावे हो, भारसाधक इंजीनियर या सरकार को, पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ठेकेदार द्वारा जमा कराई गई प्रतिभूति में से ऐसी राशि या राशियों को पूर्णतः या अंशतः रोकने का तथा उसका धारणाधिकार होगा। भारसाधक इंजीनियर या सरकार को जमा प्रतिभूति निक्षेप, यदि कोई हो, को यथास्थिति रोकने का अधिकार होगा और इस पर, ऐसे मामलों के निपटारे या निर्णय होने तक धारणाधिकार होगा। यदि प्रतिभूति, दावा की गई राशि या राशियों से कम हो या ठेकेदार से कोई प्रतिभूति न ली गई हो तो भार साधक इन्जीनियर या सरकार को उपरिनिर्दिष्ट प्रकार से दावा की गई राशि या राशियां किसी भी ऐसी राशि में से रोकने का तथा धारणाधिकार होगा जो कि ठेकेदार को भुगतान योग्य हो या जो बाद में इसी ठेके में ठेकेदार को तथा भारसाधक इन्जीनियर या सरकार के भारसाधक इंजीनियर के माध्यम से किसी अन्य ठेके के अधीन किसी भी ऐसे दावे के निर्णय पर लंबित निपटारे में भुगतान योग्य होने वाली हो।

ठेके की यह मान्य शर्त है कि उपरिनिर्दिष्ट धारणाधिकार के अधीन भारसाधक इंजीनियर या सरकार द्वारा इस प्रकार रोकी गई धनराशि या राशियां तब तक रोकी जाएंगी तब तक ठेके या उसके अधीन दावा मध्यस्थ (यदि ठेके में मध्यस्थता खण्ड हो) या सक्षम न्यायालय द्वारा निश्चित न कर लिया जाए, जैसी भी स्थिति हो, और ठेकेदार किसी भी कारण से उपरिनिर्दिष्ट धारणाधिकार के अधीन रोकी गई किसी ऐसी धनराशि जिसकी सूचना यथाविधि ठेकेदार को दी गई हो, के लिए किसी प्रकार के ब्याज या क्षति का दावा नहीं करेगा। जब ठेकेदार कोई सहभागी फर्म या लिमिटेड कम्पनी हो तो इस खण्ड के प्रयोजन के लिए भारसाधक इंजीनियर या सरकार को इस प्रकार दावा की गई राशि या राशियों को पूर्णतः या अंशतः किसी भी ऐसी राशि में से रोकने का प्रतिबन्ध या धारणाधिकार होगा जो किसी सहभागी फर्म लिमिटेड कम्पनी जैसी भी स्थिति हो, को उसके व्यक्तिगत रूप से या अन्यथा भुगतान योग्य हो।

ii) सरकार को यह अधिकार होगा कि कार्यों और ठेकेदार के अंतिम बिलों की, जिनके अंतर्गत सभी समर्थक वाउचर, सार आदि आते हैं, अंतिम बिलों के संदाय के पश्चात संपरीक्षा और तकनीकी परीक्षा करवाए और यदि ऐसी संपरीक्षा या तकनीकी परीक्षा के परिणामस्वरूप यह पाया जाए कि ठेके के अधीन ठेकेदार द्वारा किए गए किसी कार्य या किसी ऐसे कार्य की बावत, जिसके संबंध में उसने दावा किया है, कि ठेके के अधीन उसके द्वारा कार्य किया गया है किन्तु जो निष्पादित किया गया नहीं पाया गया है, किसी राशि का अतिसंदाय किया गया है, तो ठेकेदार अतिसंदाय की रकम का प्रतिदाय करने के लिए दायी होगा और सरकार के लिए यह विधिपूर्ण होगा कि वह उससे उसकी वसूली उपखण्ड (1) में विहित रीति में या वैध रूप से अनुज्ञेय किसी अन्य रीति में करे और यदि यह पाया जाए कि ठेके के अधीन ठेकेदार द्वारा

contractor was paid less than what was due to him under the contract in respect of any work executed by him under it, the amount of such under payment shall be duly paid by Government to the contractor, without any interest thereon whatsoever.

Provided that the Government shall not be entitled to recover any sum overpaid, nor the contractor shall be entitled to payment of any sum paid short where such payment has been agreed upon between the Superintending Engineer or Executive Engineer on the one hand and the contractor on the other under any term of the contract permitting payment for work after assessment by the Superintending Engineer or the Executive Engineer.

**CLAUSE 29A**

**Lien in respect of of claims in other Contracts**

Any sum of money due and payable to the contractor (including the security deposit returnable to him) under the contract may be withheld or retained by way of lien by the Engineer-in-Charge or the Government or any other contracting person or persons through Engineer-in-Charge against any claim of the Engineer-in-Charge or Government or such other person or persons in respect of payment of a sum of money arising out of or under any other contract made by the contractor with the Engineer- in-Charge or the Government or with such other person or persons.

It is an agreed term of the contract that the sum of money so withheld or retained under this clause by the Engineer-in-Charge or the Government will be kept withheld or retained as such by the Engineer-in-Charge or the Government or till his claim arising out of the same contract or any other contract is either mutually settled or determined by the arbitration clause or by the competent court, as the case may be and that the contractor shall have no claim for interest or damages whatsoever on this account or on any other ground in respect of any sum of money withheld or retained under this clause and duly notified as such to the contractor.

**CLAUSE 30**

**Employement of coal mining or controlled area labour not permissible**

The contractor shall not employ coal mining or controlled area labour falling under any category whatsoever on or in connection with the work or recruit labour from area within a radius of 32 km (20 miles) of the controlled area. Subject as above the contractor shall employ imported labour only i.e., deposit imported labour or labour imported by contractors from area, from which import is permitted.

Where ceiling price for imported labour has been fixed by State or Regional Labour Committees not more than that ceiling price shall be paid to the labour by the contractor.

The contractor shall immediately remove any labourer who may be pointed out by the Engineer-in-Charge as being a coal mining or controlled area labourer. Failure to do so shall render the contractor liable to pay to Government a sum calculated at the rate of Rs.10/- per day per labourer. The certificate of the Engineer-in-Charge about the number of coal mining or controlled area labourer and the number of days for which they worked shall be final and binding upon all parties to this contract.

It is declared and agreed between the parties that the aforesaid stipulation in this clause is one in which the public are interested within the meaning of the exception in Section 74 of Indian Contract Act, 1872.

**Explanation:-** *Controlled Area* means the following areas:

*Districts of Dhanbad, Hazaribagh, Jamtara - a Sub-Division under Santhal Pargana Commissionery, Districts of Bankuara, Birbhum, Burdwan, District of Bilaspur.*

निष्पादित किसी कार्य के बावत उसे उससे कम संदाय किया गया है जो ठेके के अधीन उसे शोध्य था, तो ऐसे न्यून संदाय की रकम सरकार द्वारा बिना किसी भी तरह के ब्याज के ठेकेदार को सम्यक रूप से संदत्त की जाएगी।

परन्तु सरकार अतिसंदत्त किसी राशि को वसूल करने के लिए हकदार न होगी और न ठेकेदार न्यून संदत्त किसी राशि के संदाय के लिए हकदार होगा, यदि ठेके के किसी ऐसे निबन्धन के अधीन जो अधीक्षण इंजीनियर या कार्यपालक इंजीनियर द्वारा निर्धारण के पश्चात कार्य के लिए संदाय अनुज्ञात करता हो, ऐसे संदाय के संबंध में एक पक्ष की ओर से अधीक्षण इंजीनियर या कार्यपालक इंजीनियर और दूसरी और से ठेकेदार के बीच सहमति हो गई है।

### खण्ड 29 अ

**अन्य ठेकों में दावों के संबंध में धारणाधिकार**

ठेके के अधीन ठेकेदार को देय और भुगतान योग्य कोई धनराशि (जिसमें उसको लौटाया जाने वाला प्रतिभूति निक्षेप भी सम्मिलित है) भारसाधक इंजीनियर या सरकार या भारसाधक इंजीनियर के माध्यम से ठेका करने वाला कोई दूसरा अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा भारसाधक इंजीनियर या सरकार या ऐसे व्यक्ति/व्यक्तियों के किसी दावे के मद्दे रोकली अथवा धारित करली जाएगी जो भारसाधक इंजीनियर या सरकार या ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों के साथ ठेकेदार द्वारा किए गए किसी अन्य ठेके के अन्तर्गत उससे निकल रही हो अथवा जिसका भुगतान उसके द्वारा किया जाना हो।

ठेके की यह मान्य शर्त होगी कि इस खण्ड के अधीन भारसाधक इंजीनियर या सरकार द्वारा रोकी या धारित गई धनराशि भारसाधक इंजीनियर या सरकार द्वारा तब तक रोकी जायेगी जब तक उसी ठेके या किसी अन्य ठेके में उसका दावे पर या तो परस्पर निर्णय हो जाए या मध्यस्थता के खण्ड के द्वारा या सक्षम न्यायालय के द्वारा निर्णित हो जाए, जैसी भी स्थिति हो, और ठेकेदार इस कारण या किसी अन्य कारण से इस खण्ड के अधीन रोकी गई किसी ऐसी धनराशि जिनकी सूचना यथाविधि ठेकेदार को दी गई हो, के लिए किसी प्रकार के ब्याज या क्षति का दावा नहीं करेगा।

### खण्ड 30

**कोयला खनन या नियंत्रित क्षेत्र के मजदूरो का नियोजन वर्जित**

ठेकेदार किसी भी श्रेणी के अधीन आने वाले कोयला खनन या नियंत्रित क्षेत्र के श्रमिकों को कार्य पर या उसके संबंध में नियोजित नहीं करेगा या नियंत्रित क्षेत्र के 32 किलोमीटर (20 मील) के घेरे के भीतर के क्षेत्र से श्रमिकों की भर्ती नहीं करेगा। उपर्युक्त के अधीन रहते हुए ठेकेदार केवल आयातित अर्थात् डिपाजिट आयातित श्रमिकों या ऐसे क्षेत्रों से जिससे आयात अनुज्ञप्त है, ठेकेदार द्वारा आयातित श्रमिकों को ही नियोजित करेगा।

जहां आयातित श्रमिकों के लिए राज्य या प्रादेशिक श्रम समितियों द्वारा अधिकतम मजदूरी नियत कर दी गई है वहां ठेकेदार द्वारा श्रमिकों को अधिकतम मजदूरी से अधिक मजदूरी संदत नहीं की जाएगी।

ठेकेदार किसी ऐसे श्रमिक को तुरन्त हटाएगा, जिसका कोयला खनन या नियंत्रित क्षेत्र श्रमिक होना भारसाधक इंजीनियर द्वारा इंगित किया गए। यदि ठेकेदार ऐसा करने में असफल रहेगा तो वह प्रतिदिन प्रति श्रमिक 10 रुपए की दर से संगणित राशि सरकार को संदत्त करने के लिए दायी होगा। कोयला खनन या नियंत्रित क्षेत्र के श्रमिकों की संख्या और उन दिनों की संख्या के विषय में जब उन्होंने कार्य किया हो, भार साधक इंजीनियर का प्रमाणपत्र अंतिम और इस ठेके के सभी पक्षकारों पर आबद्धकर होगा।

यह घोषित किया जाता है और पक्षकारों के बीच इस संबंध में सहमति है कि इस खण्ड में पूर्वोक्त अनुबंध ऐसा है, जिसमें भारतीय संविदा अधिनियम; 1872 की धारा 74 के अपवाद के अर्थ के भीतर जनता हितबद्ध हैं।

**स्पष्टीकरणः** *नियंत्रित क्षेत्र* से निम्नलिखित क्षेत्र अधिप्रेत हैं:

धनबाद, हजारी बाग जिले, संथालपरगना कमीशनरी का जमतारा उपखण्ड। बांकुरा, वीरभूम, बर्दमान जिले। विलासपुर जिला,

Any other area which may be declared a *Controlled Area* by or with the approval of the Central Government.

**CLAUSE 31**

**Unfiltered water supply**

The contractor(s) shall make his/their own arrangements for water required for the work and nothing extra will be paid for the same. This will be subject to the following conditions.

i) That the water used by the contractor(s) shall be fit for construction purposes to the satisfaction of the Engineer-in-Charge.

ii) The Engineer-in-Charge shall make alternative arrangements for supply of water at the risk and cost of contractor(s) if the arrangements made by the contractor(s) for procurement of water are in the opinion of the Engineer-in- Charge, unsatisfactory.

**CLAUSE 31 A**

**Departmental water supply, if available**

Water if available may be supplied to the contractor by the department subject to the following conditions:-

i) The water charges @ 1% shall be recovered on gross amount of the work done.

ii) The contractor(s) shall make his/their own arrangement of water connection and laying of pipelines from existing main of source of supply.

iii) The Department do not guarantee to maintain uninterrupted supply of water and it will be incumbent on the contractor(s) to make alternative arrangements for water at his/their own cost in the event of any temporary break down in the Government. water main so that the progress of his/their work is not held up for want of water. No claim of damage or refund of water charges will be entertained on account of such break down.

**CLAUSE 32:**

**Alternate water arrangements**

i) Where there is no piped water supply arrangement and the water is taken by the contractor from the wells or hand pump constructed by the Government no charge shall be recovered from the contractor on that account. The contractor shall, however, draw water at such hours of the day that it does not interfere with the normal use for which the hand pumps and wells are intended. He will also be responsible for all damage and abnormal repairs arising out of his use, the cost of which shall be recoverable from him. The Engineer-in-Charge shall be the final authority to determine the cost recoverable from the contractor on this account and his decision shall be binding on the contractor.

ii) The contractor shall be allowed to construct temporary wells in Government land for taking water for construction purposes only after he has got permission of the Engineer-in-Charge in writing. No charges shall be recovered from the contractor on this account, but the contractor shall be required to provide necessary safety arrangements to avoid any accidents or damage to adjacent buildings, roads and service lines. He shall be responsible for any accidents or damage caused due to construction and subsequent maintenance of the wells and shall restore the ground to its original condition after the wells are dismantled on completion of the work.

**CLAUSE 33**

**Return of Surplus materials**

Notwithstanding anything contained to the contrary in this contract, where any materials for the execution of the contract are procured with the assistance of Government either by issue from Government stocks or purchase made under orders or permits or licences

कोई अन्य क्षेत्र जो केन्द्रीय सरकार द्वारा या उसके अनुमोदन से नियंत्रित क्षेत्र घोषित किया जाए।

**खण्ड 31**

अशोधित जल आपूर्ति

ठेकेदार कार्य के लिए अपेक्षित जल के लिए अपना निजी इंतजाम करेगा/करेंगे और उसके लिए कुछ भी अतिरिक्त संदाय नहीं किया जाएगा। ऐसा निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए होगा:

i) ठेकेदार (ठेकेदारों) द्वारा उपयोग किया जाने वाला जल, भारसाधक इंजीनियर की संतुष्टी के अनुसार निर्माण प्रयोजनों के लिए उपयुक्त होगा।

ii) यदि भारसाधक इंजीनियर की राय में ठेकेदार (ठेकेदारों) द्वारा जल की प्राप्ति के लिए किया गया इंतजाम संतोषप्रद न हो तो भारसाधक इंजीनियर जलआपूर्ति के लिए ठेकेदार (ठेकेदारों) के जोखिम और व्यय पर वैकल्पिक इंतजाम करेगा।

**खण्ड 31 अ**

विभागीय जल आपूर्ति यदि उपलब्ध हो

यदि जल उपलब्ध हो तो विभाग द्वारा उसकी आपूर्ति निम्नलिखित शर्तों पर की जा सकती है:

i) निष्पादित कार्य की सकल राशी पर 1 प्रतिशत की दर से जल प्रभार वसूल किया जाएगा।

ii) ठेकेदार को जल आपूर्ति के विद्यमान मुख्य स्त्रोत से जल कनेक्शन तथा पाईप लाईन डालने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

iii) अविछिन्न जल आपूर्ति बनाए रखने के संबंध में विभाग की कोई गारन्टी नहीं है और ठेकेदार के लिए यह आवश्यक होगा कि वहा वे सरकारी जलभंडार में आई किसी अस्थाई रुकावट की स्थिति में अपनी लागत पर जल की वैकल्पिक व्यवस्था करें ताकि जल की वजह से उसके कार्य में रुकावट न आए। इस प्रकार की रुकावट के संबंध में जल प्रभार संबंधी प्रभारों की वापसी अथवा क्षति संबंधी दावों पर विचार नही किया जाएगा।

**खण्ड 32**

वैकल्पिक जल व्यवस्था

i) जहां नल जल आपूर्ति का कोई इंतजाम नहीं है और ठेकेदार सरकार द्वारा बनाए गए कूपों या हेंडपम्पों से जल लेता है, वहां उसके लिए ठेकेदार से कोई प्रभार वसूल नहीं किए जाएंगे। किन्तु ठेकेदार दिन के ऐसे घंटों में पानी लेगा कि उससे उस सामान्य उपयोग में कोई विघ्न न पड़े, जिसके लिए हैण्डपम्प और कुएं बनाए गए हैं। वह अपने उपयोग से उदभूत होने वाले सभी नुकसानों और अप्रसामान्य या मरम्तों के लिए भी उत्तरदायी होगा, जिसकी लागत उससे वसूल की जा सकेगी। भारसाधक इंजीनियर इसके लिए ठेकेदार से वसूल की जा सकने वाली लागत अवधारित करने के लिए अंतिम प्राधिकारी होगा और उसका निर्णय ठेकेदार के लिए बाध्य होगा।

ii) ठेकेदार द्वारा भारसाधक इन्जीनियर से लिखित अनुज्ञा प्राप्त कर लेने पर ही, उसे निर्माण प्रयोजनों हेतु जल लेने के लिए सरकारी भूमि पर अस्थायी कुओं का निर्माण करने की अनुमति होगी। ठेकेदार से इसके लिए कोई प्रभार वसूल नहीं किए जाएंगे किन्तु ठेकेदार से यह अपेक्षा की जायेगी कि वह दुर्घटनाओं से बचने या समीपवर्ती भवनों, सड़कों और सेवा लाइनों को नुकसान से बचाने के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था करे। वह कुओं के बनवाने और तत्पश्चात उनके अनुरक्षण के कारण हुई दुर्घटनाओं या नुकसान के लिए उत्तरदायी होगा और कार्य के पूर्ण हो जाने पर कुओं को तोड़ने के पश्चात भूमि को मूल रूप प्रदान करेगा।

**खण्ड 33**

अधिशेष सामग्री की वापसी

इस ठेके में अन्तार्विष्ट किसी तत्प्रतिकूल बात के होते हुए भी जहां ठेके के निष्पादन के लिए समाग्री सरकार की सहायता से, चाहे वह सरकारी स्टाकों से जारी किए जाने के द्वारा हो या चाहे सरकार द्वारा जारी किए गए आदेशों, अनुज्ञा-पत्रों या अनुज्ञाप्तियों के अधीन क्रय करके प्राप्त की जाए, वहां ठेकेदार उक्त सामग्री को किफायत से और एक मात्र ठेके के प्रयोजन के लिए ही धारण करेगा और सरकार की लिखित अनुज्ञा के बिना

issued by Government the contractor shall hold the said materials economically and solely for the purpose of the contract and not dispose of them without the written permission of the Government and return, if required by the Engineer-in-Charge, all surplus or unserviceable materials that may be left with him after the completion of the contract or at its termination for any reason whatsoever on being paid or credited such price as the Engineer-in-Charge shall determine having due regard to the condition of the materials. The price allowed to the contractor however shall not exceed the amount charged to him excluding the element of storage charges. The decision of the Engineer-in-Charge shall be final and conclusive. In the event of breach of the aforesaid condition the contractor shall in addition to throwing himself open to action for contravention of the terms of the licence or permit and/or for criminal breach of trust, be liable to Government for all moneys, advantages or profits resulting or which in the usual course would have resulted to him by reason of such breach.

## CLAUSE 34

**Hire of Plant & Machinery**

i) The contractor shall arrange at his own expense all tools, plant, machinery and equipment (hereinafter referred to as T&P) required for execution of the work except for the Plant & Machinery listed in Schedule 'C' and stipulated for issue to the contractor. If the contractor requires any item of T&P on hire from the T&P available with the Government over and above the T&P stipulated for issue, the Government will, if such item is available, hire it to the contractor at rates to be agreed upon between him and the Engineer-in-Charge. In such a case all the conditions hereunder for issue of T&P shall also be applicable to such T&P as is agreed to be issued.

ii) Plant and Machinery when supplied on hire charges shown in Schedule 'C' shall be made over and taken back at the departmental equipment yard/shed shown in Schedule 'C' and the contractor shall bear the cost of carriage from the place of issue to the site of work and back. The contractor shall be responsible to return the plant and machinery with condition in which it was handed over to him, and he shall be responsible for all damage caused to the said plant and machinery at the site of work or elsewhere in operation and otherwise during transit including damage to or loss of plant and for all losses due to his failure to return the same soon after the completion of the work for which it was issued. The Divisional Engineer shall be the sole judge to determine the liability of the contractor and its extent in this regard and his decision shall be final and binding on the contractor.

iii) The plant and machinery as stipulated above will be issued as and when available and if required by the contractor. The contractor shall arrange his programme of work according to the availability of the plant and machinery and no claim, whatsoever, will be entertained from him for any delay in supply by the Department.

iv) The hire charges shall be recovered at the prescribed rates from and inclusive of the date the plant and machinery made over upto and inclusive of the date of the return in good order even though the same may not have been working for any cause except major breakdown due to no fault of the contractor or faulty use requiring more than three working days continuously (excluding intervening holidays and Sundays) for bringing the plant in order. The contractor shall immediately intimate in writing to the Engineer-in- Charge when any plant or machinery gets out of order requiring major repairs as aforesaid. The Engineer-in-Charge shall record the date and time of receipt of such intimation in the log sheet of the plant or machinery. Based on this if the breakdown before lunch period or major breakdown will be computed considering half a day's breakdown on the day of complaint. If the

उस का निपटान नहीं करेगा और भारसाधक इन्जीनियर द्वारा यदि अपेक्षा की जाए तो ऐसी सभी अधिशेष या काम में न आ सकने वाली सामग्री को, जो ठेका पूरा होने के पश्चात या उसके पर्यवसान पर वह चाहे किसी भी कारणवश हो, उसके पास बची रहे उसकी ऐसी कीमत जो भारसाधक इन्जीनियर द्वारा ऐसी सामग्री की दशा को ध्यान में रखते हुए, अवधारित की जाये, संदत्त कर दिए जाने या उसके खाते में जमा कर दिए जाने पर, लौटा देगा। किन्तु ठेकेदार को अनुज्ञात कीमत उससे प्रभारित रकम से, भंडारण के प्रभारों को छोड़कर, अधिक न होगी। भारसाधक इन्जीनियर का विनिश्चय अन्तिम और निश्चायक होगा। यदि पूर्वोक्त शर्त को भंग किया जायेगा तो ठेकेदार अनुज्ञप्तियों या अनुज्ञा-पत्रों के निबन्धनों के उल्लंघन और/या अपराधिक विश्वास भंग के लिए की जाने वाली कार्यवाही के लिए दायी तो होगा ही किन्तु इसके अलावा वह सरकार को उस सभी धन, फायदे या लाभ के लिए भी दायित्वाधीन होगा जो ऐसे भंग के कारण उसे प्राप्त हुए हों या सामान्य अनुक्रम में प्राप्त होते।

## खण्ड 34

**संयंत्र और मशीनरी भाड़ा**

i) अनुसूची 'ग' में सूचिबद्ध संयंत्र और मशीनरी, जो ठेकेदार को दिए जाने के लिए निर्धारित है को छोड़कर, कार्य के निष्पादन के लिए अपेक्षित सभी औजार, संयंत्र, मशीनरी और उपकरण (जिन्हें इसके बाद औजार एवं संयंत्र कहा गया है) की व्यवस्था ठेकेदार अपने खर्चे पर करेगा। यदि ठेकेदार, जारी किए जाने के लिए निर्धारित औजार एवं संयंत्रों के अतिरिक्त सरकार के पास उपलब्ध औजार एवं संयंत्रों में से कोई औजार एवं संयंत्र भाड़े पर लेना चाहता हो तो सरकार ऐसे औजार एवं संयंत्र, यदि उपलब्ध हों, को भारसाधक इंजीनियर और ठेकेदार के बीच तय हुई दरों पर ठेकेदार को देगी। ऐसे मामले में औजार एवं संयंत्र जारी करने के लिए यहां नीचे दी गई सभी शर्तें, जारी करने के लिए हुई सहमति के अनुसार, ऐसे सभी औजार एवं संयंत्रों पर भी लागू होंगी।

ii) अनुसूची 'ग' में बताई गई दरों पर आपूरित संयन्त्र और मशीनरी अनुसूची 'ग' में बताए गए विभागीय उपस्कर यार्ड/शेड में ही सौंपी जायगी और वहीं पर उन्हें वापस लिया जायेगा और ठेकेदार निर्गम स्थल से कार्यस्थल तक उनको लाने और वहां से वापस ले जाने का व्यय वहन करेगा। ठेकेदार संयंत्र और मशीनरी को उसी दशा में जिसमें वे उसे सुपुर्द की गई थी, लौटाने के लिए जिम्मेदार होगा और वह उक्त संयंत्र और मशीनरी को, कार्य स्थल पर अथवा अन्यत्र प्रचालन के समय या अन्यथा या अभिवहन के दौरान, हुए सभी नुकसानों के लिए जिसमें उसके पुर्जों का नुकसान या हानि भी सम्मिलित है, और उसकी (ठेकेदार की) असफलता के कारण हुई सभी हानियों के लिए उत्तरदायी होगा तथा उस कार्य के, जिसके लिए वह दी गई थी, पूर्ण हो जाने के तुरन्त पश्चात् उन्हें वापस करेगा, ठेकेदार के दायित्व और इस संबंध में उसकी सीमा को अवधारित करने के लिए मंडल इंजीनियर एक मात्र निर्णायक होगा और उसका विनिश्चय अंतिम और ठेकेदार पर आबद्धकर होगा।

iii) यथा ऊपर अनुबद्ध संयंत्र और मशीनरी जैसे ही और जब उपलब्ध होगी और यदि ठेकेदार द्वारा अपेक्षा की जायेगी तब वे दी जाएगी। ठेकेदार अपने कार्य के प्रोग्राम की व्यवस्था संयंत्र और मशीनरी की उपलब्धता के अनुसार करेगा और विभाग द्वारा आपूर्ति में हुई किसी देरी के कारण उसका (ठेकेदार का) कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

iv) संयंत्र और मशीनरी के किराए की वसूली निर्धारित दरों पर की जाएगी जिसमें संयंत्र और मशीनरी सौंपने तथा इनके अच्छी हालत में वापिस करने की तिथियां भी शामिल होंगी चाहे किसी कारणवश इनका प्रयोग न भी किया गया हो, किसी बड़ी खराबी को छोड़कर जिसमें ठेकेदार का कोई दोष न हो और जिसमें निरन्तर तीन कार्य दिवसों से अधिक समय उस संयंत्र को ठीक करवाने में लगा हो (इस अवधि के बीच में आने वाली छुट्टियों तथा रविवार को शामिल नहीं किया जाएगा)। जब भी कोई संयंत्र या मशीनरी खराब हो और पूर्वोक्त अनुसार जिसमें अधिक मरम्मत की आवश्यकता हो, ठेकेदार उसकी लिखित सूचना भारसाधक इंजीनियर को शीघ्र देगा। भारसाधक इंजीनियर ऐसी सूचना प्राप्त होने की तिथि तथा समय संयंत्र और मशीनरी की लॉग-बुक में दर्ज करेगा। इसी आधार पर यदि भोजन समय

breakdown occurs in the post lunch period of major breakdown will be computed starting from the next working day. In case of any dispute under this clause the decision of the Superintending Engineer shall be final and binding on the contractor.

v) The hire charges shown above are for each day of 8 hours (inclusive of the one hour lunch break) or part thereof.

vi) Hire charges will include service of operating staff as required and also supply of lubricating oil and stores for cleaning purposes. Power fuel of approved type, firewood, kerosene oil etc. for running the plant and machinery and also the full time chowkidar for guarding the plant and machinery against any loss or damage shall be arranged by the contractor who shall be fully responsible for the safeguard and security of plant and machinery. The contractor shall on or before the supply of plant and machinery sign an agreement indemnifying the Department against any loss or damage caused to the plant and machinery either during transit or at site of work.

vii) Ordinarily, no plant and machinery shall work for more than 8 hours a day inclusive of one hour lunch break. In case of an urgent work however, the Engineer-in-Charge may, at his discretion, allow the plant and machinery to be worked for more than normal period of 8 hours a day. In that case the hourly hire charges for overtime to be borne by the contractor shall be 50% more than the normal proportionate hourly charges (1/8th of the daily charges) subject to a minimum of half day's normal charges on any particular day. For working out hire charges for over time a period of half an hour and above will be charged as one hour and a period of less than half an hour will be ignored.

viii) The contractor shall release the plant and machinery every seventh day for periodical servicing and/or wash out which may take about three to four hours or more. Hire charges for full day shall be recovered from the contractor for the day of servicing/ wash out irrespective of the period employed in servicing.

ix) The plant and machinery once issued to the contractor shall not be returned by him on account of lack of arrangements of labour and materials, etc. on his part, the same will be returned only when they are required for major repairs or when in the opinion of the Engineer-in-Charge the work or a portion of work for which the same was issued is completed.

x) Log Book for recording the hours of daily work for each of the plant and machinery supplied to the contractor will be maintained by the Department and will be countersigned by the contractor or his authorised agent daily. In case the contractor contests the correctness of the entries and/or fails to sign the Log Book the decision of the Engineer-in-Charge shall be final and binding on him. Hire charges will be calculated according to the entries in the Log Book and will be binding on the contractor. Recovery on account of hire charges for road rollers shall be made for the minimum number of days worked out on the assumption that a roller can consolidate per day and maximum quantity of materials or area surfacing as noted against each in the annexed statement (see attached annexure).

से पूर्व खराबी हो तो बड़ी खराबी की अवधि शिकायत की तिथि को आधे दिन की खराबी मानकार गिनी जाएगी। यदि खराबी शिकायत की तिथि को भोजन-समय के बाद होती है तो बड़ी खराबी की अवधि अगले कार्य दिवस से आरम्भ कर गिनी जाएगी। इस खण्ड के अन्तर्गत किसी भी मामले में अधीक्षण इंजीनियर का निर्णय अन्तिम और ठेकेदार के लिए बाध्य होगा।

v) ऊपर दर्शाए गए भाड़े प्रभार 8 घन्टे के (जिसमें एक घन्टा बीच में लंच के लिए सम्मिलित है) प्रत्येक दिन या उसके भाग के लिए है।

vi) भाड़ा प्रभारों के अंतर्गत यथा अपेक्षित प्रचालक स्टाफ सेवाएं और स्नेहक तेल और सफाई प्रयोजनों के लिए सामान भी शामिल होगा। ठेकेदार जो संयंत्र और मशीनरी की हिफाजत और सुरक्षा के लिए पूर्णतः जिम्मेदार होगा, संयंत्र और मशीनरी को चलाने के लिए अनुमोदित प्रकार के शक्ति-ईंधन, जलाने की लकड़ी, मिट्टी के तेल आदि की तथा संयंत्र मशीनारी की हानि या नुकसान से बचाव करने के लिए पूर्णकालिक चौकीदार की व्यवस्था करेगा। संयंत्र और मशीनरी का प्रदाय किए जाने पर या उसके पूर्व ठेकेदार संयंत्र और मशीनरी को परिवहन के दौरान या कार्यस्थल पर होने वाली हानि या नुकसान के संबंध में विभाग की क्षतिपूर्ति करने के लिए एक करार पर हस्ताक्षर करेगा।

vii) सामान्यतः, कोई भी संयंत्र और मशीनरी एक दिन में 8 घंटे से, जिसमें मध्याह्न भोजन के लिए एक घन्टे का समय भी शामिल है, अधिक काम नहीं करेगी। किन्तु अति आवश्यक कार्य की दशा में, भारसाधक इन्जीनियर अपने विवेक से संयंत्र और मशीनरी को दिन में 8 घन्टे की सामान्य कार्यावधि से अधिक चलाने की अनुमति दे सकेगा। उस दशा में ठेकेदार द्वारा वहन किया जाने वाला समयोपरि का प्रति-घन्टा भाड़ा प्रभार सामान्य रूप से अनुपातिक प्रति घन्टा प्रभार (दैनिक प्रभार का आठवां भाग) से 50 प्रतिशत अधिक होगा किन्तु किसी विशिष्ट दिन का ऐसा प्रभार कम से कम उतना होगा जो आधे दिन का प्रसामान्य प्रभार होता है। समयोपरि का भाड़ा प्रभार निकलने के लिए आधा घन्टा और उसके ऊपर की अवधि को घन्टे के रूप में प्रभारित किया जाएगा और आधा घन्टे से कम समय की उपेक्षा कर दी जाएगी।

viii) ठेकेदार संयंत्र और मशीनरी को हर सातवें दिन नियतकालिक सफाई और/या धुलाई के लिए छोड़ देगा जिसमें लगभग तीन से चार घन्टे तक का या इससे अधिक समय लग सकेगा। इस बात का विचार किए बिना की सफाई/धुलाई करने में, कितना समय लगा है, ठेकेदार से सफाई/धुलाई करने वाले दिन के लिए पूरे दिन का भाड़ा प्रभार वसूल किया जाएगा।

ix) ठेकेदार को संयंत्र और मशीनरी एक बार जारी हो जाने पर उन्हें वह अपनी ओर से श्रमिक और समाग्री आदि की व्यवस्था में कमी होने के कारण वापिस नहीं करेगा। उन्हें तभी वापिस किया जाएगा जब कि या तो उनमें भारी मरम्मत की आवश्यकता हो अथवा जब भारसाधक इन्जीनियर की राय में वह कार्य या उसका वह भाग, जिसके लिए उन्हें जारी किया गया था, पूरा हो चुका हो।

x) ठेकेदार को प्रदाय किए गए प्रत्येक संयंत्र और मशीनरी के दैनिक कार्य के समय का अभिलेख रखने के लिए विभाग द्वारा लॉग बुक रखी जाएगी और वह रोजाना ठेकेदार या उसके प्राधिकृत अभिकर्त्ता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित की जाएगी। यदि ठेकेदार यह आपत्ति करता है कि उसकी प्रविष्टियां सही नहीं है और/या लॉग बुक पर हस्ताक्षर करने में असफल रहता है तो भारसाधक इंजीनियर का विनिश्चय अन्तिम और उस पर बाध्यकर होगा। लॉग बुक की प्रविष्टियों के अनुसार भाड़ा प्रभार परिकलित किया जाएगा और वह ठेकेदार पर बाध्यकर होगा। सड़क-रोलरों के भाड़े प्रभार के मद्दे वसूली उतनी न्यूनतम दिनों के लिए की जाएगी जो इस धारणा के आधार पर निकलते हो कि एक रोलर प्रतिदिन उतनी अधिकतम सामग्री या अपृष्ठन क्षेत्र की कुटाई कर सकता है जो संलग्न विवरण में प्रत्येक के सामने लिखी है (संलग्न अनुबंध देखिए)।

xi) In the case of concrete mixers, the contractors shall arrange to get the hopper cleaned and the drum washed at the close of the work each day or each occasion.

a) In case rollers for consolidation are employed by the contractor himself, log book for such rollers shall be maintained in the same manner as is done in case of departmental rollers, maximum quantity of any items to be consolidated for each roller-day shall also be same as in Annexure to Clause 34(x). For less use of rollers recovery for the less roller days shall be made at the stipulated issue rate.

xii) The contractor shall be responsible to return the plant and machinery in the condition in which it was handed over to him and he shall be responsible for all damage caused to the said plant and machinery at the site of work or elsewhere in operation or otherwise or during transit including damage to or loss of parts, and for all losses due to his failure to return the same soon after the completion of the work for which it was issued. The Divisional Engineer shall be the sole judge to determine the liability of the contractor and its extent in this regard and his decision shall be final and binding on the contractor.

xiii) The contractor will be exempted from levy of any hire charges for the number of days he is called upon in writing by the Engineer-in-Charge to suspend execution of the work, provided Government plant and machinery in question have, in fact, remained idle with the contractor because of the suspension.

xiv) In the event of the contractor not requiring any item of plant and machinery issued by Government though not stipulated for issue in Schedule 'C' any time after taking delivery at the place of issue, he may return it after two days written notice or at any time without notice if he agrees to pay hire charges for two additional days without, in any way, affecting the right of the Engineer-in-Charge to use the said plant and machinery during the said period of two days as he likes including hiring out to a third party.

## CLAUSE 35

**Condition relating to use of asphaltic materials**

i) The contractor undertakes to make arrangement for the supervision of the work by the firm supplying the tar or bitumen used.

